हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 42.6 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री


12 महिला आरक्षण के मुद्दे पर विशेष बैठक ...





13 कार्य में लापरवाही पर निगम भिलाई के ठेकेदारों ...







## खबर संक्षेप

### सामान चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** बिल्डिंग मटेरियल के सामान को चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि नेवई भाटा निवासी ओम प्रकाश तारम, रोहित यादव ने निर्माणाधीन मकान से 10 बोरी सीमेंट, 3 बंडल लोहे की राड व 1 बोरी केबल वायर चोरी को अंजाम दिया था। आरोपियों के निशानदेही पर सामान जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों को पकड़ है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत टीम का योगदान रहा है।

### हत्या और लूट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** हत्या और लूट का फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि आरोपी योगेंद्र निषाद उर्फ बाठु को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक नारायण उर्फ रामनारायण के जेब से 2400 रुपये निकालने पर मृतक द्वारा विरोध किए जाने पर विवाद के बाद हत्या करना स्वीकार किया। नाबालिग दोस्त द्वारा हाथ-मुक्के से मारपीट कर उसे घसीटकर दुर्गा मंच के पास ले जाकर पत्थर से चेहरे,सिर पर हमला कर मौत के घाट उतारा गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी खगेंद्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### मकान में आगजनी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में आग लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि राजीव नगर निवासी गीता बाई खांडेकर का आरोपी वार्ड 4 दुर्ग निवसी आकाश यादव उर्फ बुद्धु के साथ रंजिश होने के कारण मकान में आग लगा दिया था। घटना में पलंग, कुलर एवं अन्य घरेलू सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में 20 हजार रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण करने पर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आकाश यादव को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### पिछले साल की अपेक्षा बारहवीं में 5.05 और दसवीं बोर्ड में 8.41 प्रतिशत पीछे

# सीजी बोर्ड रिजल्ट- दुर्ग जिले से सरकारी स्कूलों के छह विद्यार्थी मेरिट में, जिले में बारहवीं की रिया और दसवीं में साहिल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को दसवी और बारहवीं बोर्ड के नतीजे जारी किए। इस बार सरकारी स्कूलों के ही विद्यार्थियों ने दुर्ग जिले का मान बढ़ाया है। बारहवीं में दो छात्राओं ने छतीसगढ़ की मेरिट सूची में स्थान लिया है।

जिसमें रिया साहू ने 97.60 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अंशु गुप्ता 96.40 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट के दसवें स्थान पर है। जिले में रिया पहली टॉपर और अंशु दूसरी टॉपर है। दसवीं में चार विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। जिसमें साहिल बरेठ 98.50 प्रतिशत मेरिट सूची में 4 थां स्थान, तनूजा वर्मा 97.83 प्रतिशत मेरिट सूची में 8 वां स्थान, , शौर्य गहिले 97.67 प्रतिशत मेरिट में 9 वां स्थान और तुलसी साहू 97.50 प्रतिशत मेरिट में 10 वे स्थान पर हैं। जिले के परिप्रेक्ष्य में दसवी बोर्ड में ये सभी विद्यार्थी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान पर हैं।

### बारहवीं मेरिट | बिना ट्यूशन के पाई सफलता- रिया



488/500

छात्रा रिया साहू पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कर्ष अंग्रेजी माध्यम कुम्हारी में अध्ययनरत है। उनके पिता राकेश साहू मोटर साइकिल मैकेनिक हैं और इसी से अपने परिवार का गुजारा करते हैं। माता रिंकी साहू गृहणी है। शुरू से ही मेधावी रही रिया इंजीनियर बनकर अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहती है। वे बताती हैं कि पिता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से न कोचिंग ली और न ही ट्यूशन जा पाई। जेईई की परीक्षा दी है। आईआईटी की भी तैयारी कर रही है।

### बारहवीं मेरिट | सिविल सर्विसेस करने की तमन्ना- अंशु



482/500

छात्रा अंशु गुप्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केंप वन भिलाई की छात्रा है। गणित विषय लेकर वह पढ़ाई की। पिता पुरूषोत्तम गुप्ता बीएसपी में मजदूरी का काम करते हैं और अपने बच्चों का जीवकोपार्जन कर रहे हैं। मां गीता गुप्ता गृहणी हैं। अंशु बताती हैं कि उनका टारगेट सिविल सर्विस में जाकर लोगों की सेवा करना चाहती है। रोजाना 8 घंटे पढ़ाई की। कोचिंग भी ली। अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों को देती है।

### दसवीं बोर्ड | डॉक्टर बनने की इच्छा - साहिल



591/600

दसवीं बोर्ड के साहिल बरेठ प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र हैं। मूलतः कोरबा निवासी हैं। मेधावी होने की वजह से उनका चयन प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के लिए हुआ। पिता रमेश कुमार बरेठ का मेडिकल शॉप हैं। मां भानुमति गृहणी हैं। वे बताते हैं कि 11वीं में बॉयोलॉजी विषय लेकर पढ़ाई करेंगे। आगे डॉक्टर बनना चाहेंगे।

### मजदूर पिता का सपना पूरा करूंगी- तनूजा



587/600

दसवीं बोर्ड की छात्रा तनूजा वर्मा स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतराई में पढ़ती है। वे ग्यारहवीं में मैथ्स विषय लेकर पढ़ाई जारी रखना चाहती है। तनूजा के पिता सुनील वर्मा मजदूरी करते हैं। इसलिए वे अपने पिता का सपना पूरा करने अच्छी पढ़ाई करना चाहती है। वे बताती है कि अच्छी सफलता के लिए लगन व मेहनत से पढ़ाई करना जरूरी है। हर रोज 6 से 7 घंटे पढ़ाई की। मोबाइल से दूर रही।

### सीए बनना चाहती है तुलसी



585/600

शाउमा शाला बोरई की छात्रा तुलसी साहू कामर्स विषय लेकर आगे पढ़ाई करेंगी। वे बताती है कि पिता लेखराम साहू किराना दुकान चलाते हैं। मां विशाखा बाई गृहणी हैं। इस मुकाम को हासिल करने के लिए रोजाना 5 से 6 घंटे की पढ़ाई की। सेल्फ स्टडी कर इस मुकाम को हासिल किया है। अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया है।

**बारहवीं-दसवीं पिछले छह साल का परिणाम**

| बारहवीं | - प्रतिशत | प्रतिशत (दसवी) |
|---|---|---|
| 2021 | 98.73 | 100 |
| 2022 | 78.46 | 68.80 |
| 2023 | 81.91 | 74.89 |
| 2024 | 83.40 | 76.86 |
| 2025 | 82.96 | 71.53 |
| 2026 | 77.91 | 63.12 |

### मेडिकल क्षेत्र में कैरियर- शौर्य



586/600

दसवीं के छात्र शौर्य शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में रहकर पढ़ाई करते हैं। राजनांदगांव जिले के अचानकपुर भाटापारा के निवासी हैं। वे बताते हैं कि मोबाइल से दूर रहे। आठ घंटे रोजाना की पढ़ाई की। नीट की तैयारी के साथ ही बॉयोलॉजी विषय की पढ़ाई करेंगे। पिता कुमेश कुमार शासकीय स्कूल में टीचर हैं। मां केशरी बाई गृहणी हैं।

### पिछले साल से 12वीं में 5.05 व 10वीं में 8.41% रिजल्ट कम

दुर्ग जिले का रिजल्ट इस बार पिछले साल की अपेक्षा फिसड्डी रहा। बारहवीं में 5.05 प्रतिशत और दसवीं में 8.41 प्रतिशत रिजल्ट कम आया है। पिछले साल यानी वर्ष 2025 बारहवीं में 82.96 प्रतिशत रिजल्ट आया था। इस साल 77.91 प्रतिशत परिणाम आया है। इसी तरह दसवीं बोर्ड में वर्ष 2025 में 71.53 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए थे लेकिन इस बार यह घटकर 63.12 प्रतिशत नीचे आ गया।

#### दसवीं में 10394 विद्यार्थी सफल

जिले में दसवीं में कुल 16517 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 10394 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 4119 विद्यार्थी अनुतीर्ण हुए। 1954 विद्यार्थी एक या दो विषय में फेल हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 6446, द्वितीय श्रेणी में 3752 और तृतीय श्रेणी में 196 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। ये रिजल्ट सरकारी और निजी दोनों स्कूल के विद्यार्थियों की है।

#### 12वीं में 10503 विद्यार्थी उत्तीर्ण

जिले में बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 13498 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें से 10503 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 1315 विद्यार्थी अनुतीर्ण हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 6708, द्वितीय श्रेणी में 3657 और तृतीय श्रेणी में 137 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। इस परिणाम में सरकारी और निजी स्कूल के विद्यार्थी शामिल हैं।

## निगम आयुक्त ने भेजा समग्र स्वच्छता मॉडल, हर साल बचेंगे 30 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगर निगम के साढ़े 52 वार्डों की सफाई में निगम अब तक ठेका पद्धति से हर साल 65 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर रहा था। इसको लेकर सामान्य सभा में चर्चा के बाद टेंडर लगाने की बात भी आई थी, लेकिन निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निगम की माली हालत को देखते हुए ना सिर्फ टेंडर लगाने से मना किया, बल्कि उन्होंने राज्य सरकार को एक समग्र स्वच्छता मॉड़ल भेजा है। आयुक्त ने शासन को लिखे पत्र में बताया कि यदि वो उनके मॉडल के मुताबिक प्लेसमेंट एंजेंसी से वार्डों की सफाई का कार्य कराएंगे तो हर साल मात्र 35 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। यदि यह काम ठेका देकर कराया जाता है तो 65 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे निगम के ऊपर 30 करोड़ रुपए का अतरिक्त भार पड़ेगा। निगम आयुक्त के पत्र पर शासन ने संज्ञान लिया है। यह कहा जा रहा है कि आयुक्त और महापौर के बीच की लड़ाई भी इसी सफाई ठेका को लेकर है। एक तरह जहां भाजपा के कुछ पार्षद और महापौर और उनके पार्षदों की टीम उन्हें हटाने पर लगी है, वहीं आयुक्त का यह पत्र और सुझाव नहले पर दहला वाला साबित हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि निगम में पहला ऐसा आयुक्त उन्होंने देखा है, जो जनहित को लेकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयुक्त के मॉडल से जो 30 करोड़ रुपए की राशि बचेगी वह उनके जेब नहीं बल्कि जनता की सुविधाओं व विकास में खर्च होगा। इससे निश्चित रूप से नगर निगम क्षेत्र का विकास होगा।





- महापौर के 65 करोड़ के स्वच्छता मॉडल के विरुद्ध 35 करोड़ का नए मॉडल का प्रस्ताव

## बड़ा नाला से लगी 81 हजार वर्ग फीट सरकारी जमीन को चट कर गए भू-माफिया, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के भिलाई नगर निगम अंतर्गत कोसानगर से खम्हरिया तक बने बड़ा नाला की जमीन पर अवैध कब्जा के मामले में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर नायब तहसीलदार डिकेश्वर साहू ने आरआई और पटवारियों की एक जांच टीम बनाई है। यह टीम नाला और बगल से स्थित घास भूमि का सीमांकन करेगी और कितनी जमीन पर कब्जा हुआ है इसकी रिपोर्ट कलेक्टर को देगी। इसके बाद जमीन से बेजाकब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि द्वारा लगातार एमजे कॉलेज के पास से गुजर रहे बड़ा नाला की जमीन पर अवैध कब्जा की खबर को प्रकाशित किया जा रहा है। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसको संज्ञान में लेते हुए एसडीएम और नायब तहसीलदार को जमीन का सीमांकन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने निगम के अधिकारियों से भी जवाब मांगा है कि उन्होंने बिना आरआई पटवारी से प्रतिवेदन और जमीन का सीमांकन लिए कैसे नाला में रिटर्निंग वाल बना दिया। कलेक्टर की फटकार के बाद कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल और सब इंजीनियर पुरुषोत्तम सिन्हा कुछ अन्य कर्मचारियों के साथ नाले का निरीक्षण करने पहुंचे। सूत्रों से यह भी पता चला है कि ईई संजय अग्रवाल ने सब इंजीनियर पुरुषोत्म सिन्हा को फटकार भी लगाई है कि उन्होंने बिना पटवारी प्रतिवेदन के कैसे निर्माण कार्य शुरू करा दिया। ऐसा क्या जल्दी थी कि नाले का सीमांकन कर सरकारी जमीन को खाली नहीं कराया गया।

### नायब तहसीलदार ने बनाई आरआई पटवारी की जांच टीम, होगा नाला और बगल से लगी शासकीय जमीन का सीमांकन





#### नाले के बगल से स्थित 8100 वर्गफीट जमीन गायब

भू राजस्व रिकार्ड के मुताबिक जिस बड़ा नाला पर रिटर्निंग वाल बनाई जा रही है उसका खसरा नंबर 794 है। इसकी कुल जमीन लगभग 1.2500 हेक्टेयर यानि 1 लाख 34 हजार 539 वर्ग फिट है। वहीं इस नाले से लगती एक घास भूमि है। इसका खसरा नंबर 901 है और यह जमीन 80,730 स्क्वायर फीट है। इस जमीन में कब्जा कर लोगों ने भवन व मकान बना लिए हैं। यह जमीन नाले के पास से लगभग पूरी तरह समाप्त हो गई है।

#### पार्षद ने कहा बारिश में होता है जलभराव का संकट

मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने कलेक्टर से नाले व उससे लगी घास भूमि का सीमांकन कराकर उसे खाली कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नाले के अस्तित्व को बचाने के लिए और समीप के क्षेत्रों को बाढ़ मुक्त करने के लिए नाले का सीमांकन यानी खसरा 794 और और नाले से लगी शासकीय भूमि खसरा 901 दोनों का निष्पक्ष सीमांकन आवश्यक है, नहीं तो शासन 17 करोड़ खर्च करके भी नाले का संरक्षण और बाढ़ मुक्त क्षेत्र बनाने के मूल उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पाएगी। इतने बड़े पैमाने शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण से तहसीलदार, आर आई, पटवारियों की भी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के निर्वहन पर सवाल उठते हैं क्योंकि शासकीय भूमि का संरक्षण इन्हीं लोगों की जिम्मेदारी है। और बिना भौतिक सत्यापन के निगम के अधिकारियों द्वारा जनता के टैक्स के करोड़ो रुपयों को कब्जाधारियों को संरक्षण देने के उद्देश्य से दिशाविहीन, अनियमितता पूर्वक स्तरहीन कार्य करवा कर फूंकना घोर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।



**आप पार्टी ने कलेक्टर से की सीमांकन की मांग:** आम आदमी पार्टी दुर्ग के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने भिलाई नगर निगम के शीर्ष नेतृत्व पर भू-माफियाओं के साथ मिलकर एक गंभीर संगठित अपराध को अंजाम देने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर निगम आयुक्त और महापौर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। जसप्रीत सिंह के अनुसार, सिंचाई विभाग के आधिकारिक रिकॉर्ड में कोसानगर-खम्हरिया मुख्य नाले की चौड़ाई 32 मीटर दर्ज है, लेकिन वर्तमान में इसे घटाकर मात्र 18 मीटर किया जा रहा है। नाले की चौड़ाई में यह कटौती कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 61 के तहत एक आपराधिक षड्यंत्र है, जिसका उद्देश्य सरकारी जमीन को गबन कर भू-माफियाओं को निजी लाभ पहुंचाना है। जसप्रीत ने कलेक्टर से मांग की है कि निर्माण को तत्काल रोककर राजस्व और सिंचाई विभाग के मूल नक्शों से इसका मिलान किया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में रऊफ अंसारी, अविनाश, धर्मेंद्र चौधरी, बलविंदर सहित कई आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया गया, लोन चुकाने का आदेश

**दुर्ग।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक फैसले में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में कमी और घोर व्यावसायिक कदाचरण का दोषी ठहराते हुए मृत ऋणी के बकाया ऋण का भुगतान करने का आदेश दिया है। सुपेला निवासी अर्चना निगम के पति स्वर्गीय बृजेश प्रसाद निगम ने एचडीएफसी फाइनेंस कंपनी से 13,23,440 का ऋण लिया था, जिसे बीमा पॉलिसी के माध्यम से सुरक्षित किया गया था। 13 दिसंबर 2020 को निगम की मृत्यु के बाद बीमा कंपनी ने मेडिकल कारणों का हवाला देते हुए बीमा दावे को अस्वीकार कर दिया था। इसके बावजूद, फाइनेंस कंपनी द्वारा मृतक के खाते से मासिक किश्तों की कटौती जारी रखी गई। आयोग ने साक्ष्यों के आधार पर यह पाया कि बीमा कंपनी ने दावे को खारिज कर सेवा में त्रुटि की है। आयोग ने पारित आदेश में कहा कि बीमा कंपनी मृतक बृजेश प्रसाद निगम के ऋण खाता क्रमांक 985196 की बकाया राशि का भुगतान करेगी। आदेश के 30 दिनों के भीतर भुगतान नहीं किया जाता है, तो कंपनी को 11,61,045 रुपये की राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देना होगा।

## हाईटेंशन केबल की चपेट में आने से युवक की मौत

**भिलाई।** रेलवे ट्रैक पर गिरकर करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जीआरपी दुर्ग ने बताया कि गीतांजलि एक्सप्रेस के इंजन के उसके ऊपर विक्षिप्त युवक चढ़ गया था। जब उसे किसी तरह उतारने का प्रयास किया तो वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रैक के पास गिरा पड़ा मिला। युवक का पूरा शरीर बिजली के करंट से झुलस गया था। गंभीर अवस्था में युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर जाया गया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई है। खबर लिखे जाने तक उसका शिनाख्त नहीं हो पाया है।

### डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए ओआरएस घोल व पैकेट्स का वितरण

# भीषण गर्मी से अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़, लू वार्ड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तापमान बढ़ने के साथ ही गर्मी का असर अब लोगों की सेहत पर साफ नजर आने लगा है। शहर के अस्पतालों में गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी को देखते हुए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में विशेष लू वार्ड बनाया गया है, जहां हीट स्ट्रोक और लू से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। अस्पताल आने वाले सभी लोगों के लिए ओआरएस घोल और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है, ताकि शरीर में पानी की कमी से बचाव हो सके। डॉक्टरों के मुताबिक, इन दिनों ओआरएस की खपत तेजी से बढ़ी है। मरीजों को जरूरत के अनुसार ओआरएस पैकेट भी दिए जा रहे हैं, जिससे डिहाइड्रेशन से बचाव किया जा सके। खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, हल्के और ढीले कपड़े पहनें, और ज्यादा से ज्यादा पानी पीते रहें। लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करने की अपील भी की गई है। गर्मी के इस बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है और अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।



#### थोड़ी सावधानी से टाल सकते हैं लू और डिहाइड्रेशन का खतरा

गर्मी अब अपने चरम पर है और ऐसे में जरा सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। हर साल लू और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ते हैं, लेकिन सही सावधानी रखकर इनसे आसानी से बचा जा सकता है। सबसे जरूरी है कि दिन के सबसे गर्म समय, यानी दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर को ढककर रखें और सीधे धूप में ज्यादा देर तक न रहें। पानी पीने में लापरवाही बिल्कुल न करें। प्यास लगे या न लगे, नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। ओआरएस, नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी जैसे पेय शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं।

#### खान-पान में भी रखे विशेष ध्यान

खाने-पीने का भी ध्यान रखना जरूरी है। हल्का और ताजा भोजन लें, ज्यादा तला-भुना और मसालेदार खाना गर्मी में परेशानी बढ़ा सकता है। कपड़ों का चुनाव भी मायने रखता है। हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर को हवा मिलती रहे। अगर चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी या ज्यादा कमजोरी महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें। ये लू के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत ठंडी जगह पर आराम करें और जरूरत पड़े तो डॉक्टर से संपर्क करें। थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता आपको इस भीषण गर्मी में सुरक्षित रख सकती है।

#### जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले

“गर्मी से प्रभावित लोगों के लिए लू वार्ड तैयार किया गया है। साथ ही डिहाइड्रेशन अस्पताल में आने वाले सभी के लिए ओआरएस घोल की व्यवस्था की गई है। लू से बचने जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले।

-डॉ. पीयम सिंह, प्रभारी, सिविल अस्पताल सुपेला




खबर संक्षेप

## 1 मई मजदूर दिवस पर दुर्ग आएंगे पूर्व सीएम बघेल



दुर्ग। 1 मई मजदूर दिवस पर हर साल की तरह इस वर्ष भी राजीव भवन दुर्ग में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर के नेतृत्व में बोरे बासी तिहार मनाया जाएगा। । जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल होंगे। आयोजनकर्ता क्षितिज चंद्राकर ने बताया की पूर्व मुख्यमंत्री के साथ जिले के सभी वरिष्ठ नेता का पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला कांग्रेस भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे ,जितेंद्र साहू सहित अन्य सभी वरिष्ठ नेता व कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मजदूर दिवस पर मजदूरों का सम्मान किया जाएगा वह सभी समाज के प्रमुख लोगों को इसमें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीएसपी की दोहरी जीत



भिलाई। विश्व इस्पात दिवस पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कार्यपालक और गैर-कार्यपालक दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सेल सेफ्टी आर्गेनाइजेशन रांची द्वारा आयोजित स्पर्धा में बीएसपी का प्रतिनिधित्व एसएमएस 2 टीमों ने किया गया। कार्यपालक श्रेणी में सहायक महाप्रबंधक अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक के पवन कुमार एवं सहायक प्रबंधक सुमित कुमार ने ए प्रथम स्थान हासिल किया। गैर-कार्यपालक श्रेणी में विनय, शिव कुमार व चंदन वर्मा की टीम ने शीर्ष स्थान मिला। इस उपलब्धि पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा संयंत्र प्रबंधन एवं सहकर्मियों द्वारा उनकी सराहना की गई। 'हज़ान' प्रतियोगिता इस्पात उद्योग में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं आपात स्थितियों के प्रति तत्परता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# भिलाई-चरोदा के बस स्टैण्ड वार्ड में जल संकट, लोगों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के पास गर्मी के समय इतना फंड नहीं है कि वो लोगों को बिजली कनेक्शन करके पंप शुरू करवा सके, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े। मामला वार्ड 28 बस स्टैण्ड चरोदा का है। यहां के लोगों को गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से गुजरना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए लोगों को रेलवे कॉलोनी के ऊपर निर्भर रहना पड़ रहा है।

लोगों का आरोप है कि निगम 108 करोड़ रुपए की लागत से जलावर्धन योजना से पानी पहुंचाने का दावा कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि उनके वार्ड में एक पाइप लाइन तक नहीं बिछी है। यहां के लोग हर गर्मी में निगम जाकर अपनी समस्या रखते हैं, लेकिन अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वार्ड में एक हजार लोग निवासरत हैं, लेकिन यहां पेयजल संकट का समाधान नहीं हो रहा है। वार्ड पार्षद डी शोभारानी है इससे पहले इनके पति डी वेकंट पार्षद थे। वो भी इस समस्या को हल नहीं करा पाए। निगम में जल विभाग अधिकारी सिर्फ एसी में बैठकर आराम की नौकरी कर रहे हैं। पेय जल की शिकायतों से उनका कोई वास्ता नहीं है। लोगों का कहना है कि आने वाले चुनाव में वो इसका जवाब अपने मत से देंगे। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में पानी का संकट गहराते जा रहा है।

## निगम पहुंचे वार्ड 28 के लोग, आयुक्त से की मुलाकात तो मिला सिर्फ आश्वासन

### जनसहयोग से बोर का सामान लिया

पूर्व पार्षद डी वेकंट ने बताया कि वार्ड में पेयजल समस्या से निपटने के लिए यहां के लोगों ने जनसहयोग से बोर का सामान लिया है, लेकिन बिजली कनेक्शन के लिए भिलाई-चरोदा निगम का चक्कर काटते थक गए हैं। इसके अलावा पेयजल संकट से निपटने के लिए कोई भी अधिकारी जनता को समस्याओं निजात दिलाने सामने नहीं आ रहें है।



### चक्कर लगाकर थक चुके



पार्षद डी शोभारानी ने बताया कि वार्ड में पेयजल संकट बड़ी समस्या है। इस साल यह समस्या और बढ़ गई है। मोटर का कनेक्शन के लिए निगम के चक्कर लगाना पड़ रहा है। हजारों की आबादी वाले इस वार्ड में लोगों के घर नहाने तक का पानी नहीं पहुंच रहा है।

### पेयजल संकट से निपटने व्यवस्था

पेयजल संकट को लेकर शिकायत करने पहुंचे लोगों को उनकी व्यवस्था के लिए अधिकारी को अवगत कराया गया है। इसके अलावा जल संकट से निपटने के लिए वार्डों में टैंकर से व्यवस्था की जा रही है। गर्मी में पेयजल की संकट न हो ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

**-डीएस राजपुत,** आयुक्त नपानि भिलाई-चरोदा

### सत्तापक्ष भाजपा ने हाथों में बांधी काली पट्टी और कांग्रेस विरोधी नारे लगाए

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर विशेष बैठक के औचित्य पर कांग्रेसियों ने सदन में उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संसद में गिरे नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संशोधन विधेयक बिल गिर गया है। इस पर चर्चा को लेकर बुधवार को नगर निगम दुर्ग में विशेष समान्य सभा बैठक बुलाई गई। बैठक में कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के बीच जमकर कहासुनी हुई। मुद्दे पर चर्चा पर कांग्रेसी पार्षदों ने जमकर सवाल खड़े किए। अमूमन विपक्ष के जवाब पर सत्तापक्ष भाजपा पार्षद मुखर होते हैं, लेकिन बुधवार को नगर निगम के स्व. मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित सामान्य सभा की विशेष बैठक में निरुत्तर सत्तापक्ष खामोश नजर आया। हालांकि सत्तापक्ष के पार्षद महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस के खिलाफ नारे लिखे तख्तियां लेकर बैठक में शामिल हुए। वहीं विरोध स्वरुप उन्होने अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर कांग्रेस के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया।

सामान्य सभा की विशेष बैठक की कार्यवाही बुधवार को अपने निर्धारित समय दोपहर 2 बजे नेता प्रतिपक्ष श्याम शर्मा की अनुमति से शुरू हुई। बैठक में सर्वप्रथम महापौर अलका बाघमार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संशोधन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) के संसद में गिरने को लेकर निंदा प्रस्ताव पढ़ा। उन्होने इस विधेयक को महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए विधेयक को गिराने का कांग्रेस पर आरोप लगाया। उनका कहना था कि कांग्रेस महिला विरोधी है। इसलिए इस विधेयक कांग्रेस द्वारा संसद में पारित होने नहीं दिया गया। उन्होंने निगम सदन में पार्षद सदस्यों से निंदा प्रस्ताव पारित करने का आव्हान किया। महापौर के निंदा प्रस्ताव पढ़ने के बाद सभापति श्याम शर्मा द्वारा विधेयक पर चर्चा के लिए नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले को आमंत्रित किया गया। श्री कोहले ने नगर निगम की सामान्य सभा की विशेष बैठक के औचित्य पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह बैठक शहर में व्याप्त पेयजल संकट, कचरा गंदगी, शक्तिनगर तालाब के उन्नयन में भ्रष्टाचार या जनहित से जुड़े मुद्दे पर बुलाया जाता तो बेहतर होता,लेकिन नगर निगम को इसकी चिंता ही नहीं है। इसलिए इस मुद्दे को सामान्य सभा की बैठक में नहीं लाया गया है। सत्तापक्ष महिला आरक्षण बिल को लेकर केवल घड़ियाली आंसू बहाते नजर आ रही है, क्योंकि यह विधेयक सन 2023 में सर्वोच्च दोनो सदनों में पारित हो चुका है। राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर कर इसे मंजूरी भी दे दी गई है।

## सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव बहुमत से पारित





### महिला आरक्षण बिल की आड़ में परिसीमन में होगा बड़ा खेल

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के आड़ में भाजपा परिसीमन बिल को पारित करवाना चाहती थी। जिस पर कांग्रेस का विरोध था। कांग्रेस खुद महिला आरक्षण की पक्षधर है। इस मुद्दे पर भाजपा केवल राजनीति कर रही है। अगर उनको चिंता है तो महिला आरक्षण के पारित बिल को लागू कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ क्यों नहीं दे रही है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि कांग्रेस ने पंचायती राज अधिनियम लागू किया था। जिसकी वजह से महिलाओं को नगरीय निकायों और पंचायतो में पहले से ही आरक्षण मिल रहा है। वास्तविकता यह है कि भाजपा महिला आरक्षण बिल के आड़ में भाजपा परिसीमन बिल पास करवाना चाहती थी, लेकिन इस साजिश में वह असफल रही, इसलिए भाजपा बौखला गई है।

### विरोध के बाद भी बहुमत के आधार पर लाया गया प्रस्ताव पारित

इस मुद्दे पर सदन में पूर्व महापौर और वर्तमान पार्षद आरएन वर्मा ने कहा कि जनता से जुड़े आकस्मिक और गंभीर मुद्दे पर सामान्य सभा की विशेष बैठक बुलाई जाती है। महिला आरक्षण का यह मुद्दा जनता से जुड़ा मुद्दा नहीं है। मंत्री के फोन पर यह बैठक बुला दी गई है। जिसे मजबूरी की बैठक कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी। नगर निगम अगर महिलाओं की सम्मान की बात करती है तो महिलाओं को पिछले तीन माह से पेंशन क्यों नहीं मिला है। वर्मा ने इस मुद्दे पर निगम के सदन में चर्चा को समय व धन की व्यर्थ बर्बादी निरुपित किया। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है और महिला आरक्षण की हिमायती रही है। नगर निगम को जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, लीना दिनेश देवांगन, लीलाधर पाल, मनीष साहू, भाजपा पार्षद मंजू सेन, सरिता चंद्राकर, कांग्रेस पार्षद दीपक साहू, विजयंत पटेल, भास्कर कुंडले, मनीष बघेल, निर्दलीय पार्षद अजीत वैद्य, सरिता साहू के अलावा अन्य पार्षदगण, आयुक्त सुमीत अग्रवाल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# दवा दुकानों पर पुलिस के साथ जांच पर दर्ज करवाई आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ सीसीडीए ने सीएम साय से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में दवा दुकानों पर पुलिस बल की उपस्थिति में की जा रही संयुक्त जांच प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने इसे औषधि व्यवसायियों के सम्मान और मनोबल के विपरीत बताते हुए कहा कि इससे व्यापारिक वातावरण में भय और असमंजस की स्थिति बन रही है।

एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अविनाश अग्रवाल और उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्रदेश में 18 हजार से अधिक लाइसेंसधारी दवा विक्रेता और 40 हजार से ज्यादा प्रशिक्षित फार्मासिस्ट कार्यरत हैं, जो शहरी से लेकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। कई स्थानों पर ये फार्मासिस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहली कड़ी के रूप में भी काम करते हैं। उन्होने कहा कि राज्य में पहले से ही पर्याप्त संख्या में औषधि निरीक्षक और संबंधित अधिकारी उपलब्ध हैं, जो नियमित रूप से जांच करते हैं। ऐसे में पुलिस की मौजूदगी में अलग से संयुक्त कार्रवाई करने से अनावश्यक दबाव और भय का माहौल बन रहा है, जिससे दवा आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा उन्होने जीएसआर 220 एवं 817 निरस्त करने और अवैध ऑनलाईन दवा विक्रय पर नियंत्रण की प्राथमिकता से मांग की है। श्री अग्रवाल और श्री साहू ने बताया कि एसोसिएशन ने जीएसआर 220 और जीएसआर 817 को भी निरस्त करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि इन प्रावधानों के कारण वैध दवा व्यवसायियों को प्रशासनिक जटिलताओं और व्यापार संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में नशे से जुड़े मामलों में ऑनलाइन माध्यमों से दवाओं की अवैध आपूर्ति की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। संगठन ने सरकार से अपील की है कि वैध दुकानों पर दबाव बनाने के बजाय ऑनलाइन अवैध दवा विक्रय पर कठोर नियंत्रण किया जाए। एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अविनाश अग्रवाल और उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने कहा कि दवा विक्रेता हमेशा शासन-प्रशासन के साथ सहयोगात्मक भूमिका निभाता आए है।

# निजी स्कूलों की फीस हर साल बढ़ाए जाने पर लगाई जाए रोक, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर निजी स्कूलों की मनमानी और हर साल बढ़ाई जाने वाली फीस का विरोध किया। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अय्यूब खान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जिले के बहुत से निजी स्कूलों द्वारा हर साल फीस बढ़ाने की प्रक्रिया की जाती है जिनसे बहुत से अभिभावक परेशान यह बढ़ती हुई फीस हमारे लिए एक बड़ा बोझ बन गई है, जिससे हमारे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। सभी निजी स्कूलों को अपनी फीस बढ़ाने से पहले सरकार की अनुमति लेनी चाहिए और फीस बढ़ाने के कारणों को स्पष्ट करना चाहिए। हमें लगता है कि निजी स्कूलों को शिक्षा के नाम पर व्यवसाय कर रही है, बल्कि उन्हें समाज के गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों को भी शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। कुछ निजी स्कूलो तो में हर वर्ष मंथली फीस इतनी ज्यादा बढ़ाती जैसे कि 700 रुपये से लेकर 1000 माह तक जो साल के दस हजार से लेकर बारह हजार तक बढ़ जाता है इतना ही किसी अन्य निजी स्कूलो की साल की भर की फीस होती है ऐसा कुछ निजी स्कूलस जो बेहतासा फीस बढ़ा रहे ये शिक्षा और अपने स्कूल की प्रसिद्ध का नाज़यज फायदा उठा रहे हैं। अय्यूब खान ने बताया कि साथ में दूसरी महत्वपूर्ण विषय ये भी ग्रीष्म कालीन छुट्टी लगने के बाद भी निजी स्कूलों द्वारा 3 माह का पूरा ट्यूशन फीस लेना और बच्चों ट्रांसपोर्ट का फीस लेना भी बहुत अनुचित है। इस अवसर पर संदीप बख्शी, जसवंत गायकवाड़, राकेश दुबे, अभिषेक जांगड़े, कमल शर्मा, प्रशांत कुमार बख्शी, महेन्द्र वर्मा, अमर ठाकुर, विजेंद्र बंजारे, दिलेश्वर महेंद्र, लोकेश कुमार, दिलेश गायकवाड, गोविंद ठाकुर, बॉबी ठाकुर, अक्कू ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# रामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग से श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना



दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना" के अंतर्गत आज दुर्ग जिले से श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। पूरे स्टेशन परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। दुर्ग रेलवे स्टेशन से 178 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्टेशन पर श्रद्धालुओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनकी सुखद व सुरक्षित यात्रा की कामना की। महापौर ने कहा कि यह योजना आमजन को भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर प्रदान कर रही है। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज के हर वर्ग को अयोध्या धाम जाकर रामलला के दर्शन का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, तहसीलदार प्रफुल गुप्ता, राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, निशांत यादव, गौतम साहू, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर सहित रेलवे विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अपोलो, विवेकानंद और पद्मनाभपुर फार्मेसी में फार्मासिस्ट अनुपस्थित, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच बुधवार को भी रही जारी



राज्य शासन द्वारा 11 मई तक सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। औषधि शाखा द्वारा जांच अभियान के तीसरे दिवस में बुधवार को मेसर्स विशी मेडिकोज एण्ड कॉसमेटिक्स महाराजा चौक, मेसर्स मेडप्लस फार्मेसी, महाराजा चौक, मेसर्स सिटी मेडिकोज, सुपेला, भिलाई, मेसर्स मेडप्लस फार्मेसी, सुपेला, भिलाई, मेसर्स अल्का मेडिकल हॉल, सिरसा रोड, सुपेला भिलाई का निरीक्षण किया गया। फर्मों के क्रय-विक्रय रिकार्ड की जांच की गई। सख्त निर्देश दिये गए कि उनके द्वारा कास्मेटिक सामान का क्रय अधिकृत विक्रेताओं, एजेंसी से बिल के माध्यम से किया जाए। साथ ही मेसर्स अपोलो फार्मेसी बोरसी एवं मेसर्स विवेकानंद फार्मेसी, पद्मनाभपुर में फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कुल 7 मेडिकल फर्मों का निरीक्षण किया गया। भविष्य में भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

इसी प्रकार खाद्य शाखा द्वारा जांच अभियान में विभिन्न क्षेत्रों में संचालित डेयरी प्रोडक्ट्स दूध, दही, पनीर, लस्सी, छाछ आदि विक्रेता फर्मों की जांच किया जा रहा है, जिसमें संचालकों को उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया। रिसाली क्षेत्र में संचालित सिवान दूध डेयरी, संगम डेयरी, शुभम डेयरी, आनंद डेयरी एवं गोकुल डेयरी, धनोरा, आदि फर्मों का निरीक्षण किया गया। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों ने सहायता राशि के लिए लगाई गुहार

# अमलीडीह में जलसंकट, शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ जनदर्शन में 117 आवेदन आए, टीएल में होगी चर्चा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 117 आवेदन प्राप्त हुए।

### गर्मी छुट्टी का शुल्क लिए जाने का विरोध

जिले के निजी स्कूलों की बढ़ती फीस और गर्मी छुट्टी का भी शुल्क लिए जाने के कारण अभिभावकों ने शिकायत की। अभिभावकों ने बताया कि निजी स्कूल बिना स्पष्ट कारण हर साल 700 से 1000 रुपये प्रतिमाह तक फीस बढ़ा देते हैं, जिससे सालाना बोझ 10 से 12 हजार रुपये तक बढ़ जाता है। इससे मध्यम और गरीब वर्ग के परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। निजी स्कूलों द्वारा हर साल फीस बढ़ाने की प्रक्रिया से सभी अभिभावक परेशान है। अभिभावकों ने मांग की है कि निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले शासन से अनुमति लेना अनिवार्य किया जाए और शुल्क वृद्धि के स्पष्ट कारण बताए जाएं। साथ ही, अवकाश अवधि में फीस वसूली पर रोक लगाने की मांग भी की। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### आर्थिक सहायता की मांग

बोरसी निवासी पिता ने अपने पुत्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद आर्थिक सहायता की मांग की। पिता ने बताया कि उनके पुत्र की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गई। एक वाहन चालक ने उनके पुत्र को टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### खारून नदी से पानी लाने की मांग

ग्राम पंचायत अमलीडीह की सरपंच ने जल संकट से निदान पाने के लिए खारून नदी पानी लाने की मांग की। उन्होंने बताया कि जिले के ग्राम पंचायत अमलीडीह में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में पानी टंकी का निर्माण होने के बावजूद बोरवेल से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की जमीन सूखी होने के कारण जल उपलब्धता नहीं हो पा रही है, जिससे पूरे गांव में पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने खारून नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाकर पंचायत की टंकी में आपूर्ति कराने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस पर कलेक्टर ने पीएचई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# जिले के 297 पंचायतों और 10 निकाय होंगे बाल विवाह मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिले की ऐसी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त' घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जहां पिछले दो वर्षों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार जिले के कुल 300 ग्राम पंचायतों में से केवल 3 पंचायतों दुर्ग विकासखण्ड के खोपली व डूमरडीह और धमधा के नंदनी खुदिनी को छोड़कर शेष 297 ग्राम पंचायतों ने बाल विवाह मुक्त होने संबंधी दस्तावेज़ प्रस्तुत किए हैं। इसी प्रकार जिले के 11 नगरीय निकायों में से भिलाई नगर निगम को छोड़कर शेष 10 नगरीय निकायों में भी पिछले दो वर्षों से बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। इन सभी निकायों और पंचायतों को आधिकारिक तौर पर बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रस्तावित है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्थान को इस घोषणा के संबंध में कोई आपत्ति हो या किसी बाल विवाह के प्रकरण की जानकारी हो, तो वे 7 दिनों के भीतर अपने लिखित प्रमाणों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पांच बिल्डिंग परिसर में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### वेदान्त ने 91.4%अंक के साथ किया गौरवान्वित



**सेलूद।** दीपशिखा विद्यालय के वेदांत वर्मा पिता तोरण वर्मा ने बारहवी बोर्ड में 91.4 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हुए। प्राचार्य ने बताया कि वेदान्त वर्मा का पढाई के साथ साथ खेलकूद, डांस और ड्राइंग सहित सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहता है। शाला प्राचार्य स्टाफ के साथ साथ पुर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहु, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, महेश्वर बंछोर, दिलिप बंछोर, त्रिभुवन यदु, बलराम वर्मा, श्यामू वर्मा, ममता वर्मा, पुष्पा वर्मा, रूक्मणी वर्मा, किरण वर्मा और रीतेश वर्मा ने इस उल्लेखनीय प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### मजदूर दिवस पर 1 मई को निकलेगी श्रद्धांजलि यात्रा

**दुर्ग।** 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन सुबह 9 बजे बूढ़ा पंडाल जामुल से मोटरसाइकिल में श्रद्धांजलि यात्रा निकाली जाएगी। कलादास डेहरीया ने बताया कि बूढ़ा पंडाल से शुरू होकर यात्रा औद्योगिक क्षेत्र हथखोज होते हुए छावनी बस्ती चौक होते हुए पावर हाउस ओवर ब्रिज के नीचे स्थगित होगी। इस अवसरपर प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति, मेहनतकश आवास अधिकार संघ, नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन, महिला मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दोपहर 12 बजे से सुपेला में 1 मई दिवस पर संगोष्ठी होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भुवन साहु, संतोष यादव, सनत, बडकु मोहम्मद अली, महेश साहु, रमाकांत बंजारे, कल्याण पटेल, नारायण राव, मन्नु, ब्रम्हा, बेबी खारुन, कंचन, निरा डेहरीया, कलादास डेहरीया, मनोज कोसरे, मोतम, नेमन साहु सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

### जनता के भरोसे को टूटने नहीं देंगे : नेहा



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन की सभापति नेहा बाबा वर्मा ने वार्ड-5 नया तालाब एवं वार्ड-12 (दर्री डबरी) में प्रस्तावित तालाब गहरीकरण के विषय पर परिषद बैठक में अपना स्पष्ट एवं सशक्त मत रखते हुए जनहित और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि वार्ड-12 के दर्री डबरी क्षेत्र में पूर्व से अवैध मुरम खनन की शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिन पर स्थानीय नागरिकों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है।

# पुलिस परिवार के लिए ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन शिविर, 102 ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रक्षित केन्द्र दुर्ग में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य संरक्षण, महिला स्वास्थ्य जागरुकता को ध्यान में रखते हुए धन्वंतरी जन कल्याण समिति रायपुर के सौजन्य से ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन शिविर हुआ। शिविर का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की शुरुआती पहचान, समय पर उपचार परामर्श एवं उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में कुल 102 अधिकारी कर्मचारी, परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण में पांच महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती लक्षण चिन्हित किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श प्रदान करते हुए उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों, परिवारजनों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, दैनिक व्यायाम, संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कार्य के साथ-साथ स्वास्थ्य की देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। समय पर जांच एवं उपचार से गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है।

## धन्वंतरी जन कल्याण समिति रायपुर के सहयोग से हुआ आयोजन

### नियमित करें व्यायाम

इस दौरान एमडी मेडिसिन डॉ. सुधीर गांगेय ने कहा कि तनावमुक्त जीवनशैली, नियमित व्यायाम, प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच एवं ब्रेस्ट कैंसर की समयपूर्व पहचान के महत्व पर जानकारी दी। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण, बचाव,उपचार से जुड़े महत्वपूर्ण परामर्श भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल, डीएसपी लाईन चंद्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, चिकित्सक डॉ. सुधीर गांगेय, डॉ. सूर्यप्रकाश सक्सेना ,डॉ. रजनीश मल्होत्रा,डॉ. अजय गोवर्धन,डॉ. ज्ञानेश मिश्रा, डॉ. पी.यू. प्रकाश सक्सेना मौजूद थे।




## समीक्षा बैठक : विकास कार्यों की धीमी गति पर आयुक्त ने जताई नाराजगी

# कार्य में लापरवाही पर भिलाई निगम के ठेकेदारों और अभियंताओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने निगम कार्यालय में विकास कार्यों की प्रगति को लेकर विभागवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों, अधोसंरचना विकास और जनहित की परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के मुख्य रूप से रोड निर्माण, सीवरेज लाइन, नाली निर्माण एवं बकाया कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने सभी ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। मानसून पूर्व के आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

### शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का लिया जायजा





### कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, लेटलतीफी पर जताई नाराजगी

समीक्षा के दौरान जिन कार्यों की प्रगति धीमी पाई गई, उनके प्रति आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों और उत्तरदायी अभियंताओं को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा को दिए हैं। आयुक्त ने अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने पर भुगतान की प्रक्रिया में देरी न की जाए, लेकिन यदि कार्य में सुस्ती बरती गई तो पेनाल्टी लगाने और ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी। आयुक्त ने कहा है कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी एजेंसी या अधिकारी कार्य के प्रति उदासीनता बरतेंगे, उन पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में निगम के मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, अधीक्षण अभियंता वेशराम सिंहा, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सम्मान



**अण्डा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुप्रिया साहू एवं जनपद सदस्य तथा स्वास्थ्य समिति की सभापति प्रतिभा देवांगन उपस्थित थे। इस अवसर पर वर्ष 2024 में टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। कुल 11 ग्राम पंचायतों को सिल्वर श्रेणी एवं 1 ग्राम पंचायत को ब्रॉन्ज श्रेणी में महात्मा गांधी का स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले सरपंचों में सैनिक भुवन लाल देशमुख (आलबरस), बसंती निषाद (झोला), सुनीता भारदीय (भरदा), पुष्पा बाघमारे (चिंगरी), करने सेन (करगाडीह), चुम्मन यादव (बोरीगारका), खुमान निषाद (कोडिया), युगल चंद्राकर (कोकड़ी) एवं नंद कुमार साहू (खाड़ा) शामिल हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. साक्षी ठाकुर (चिकित्सा अधिकारी), जी.आर. भूआर्य एवं वी.एस. रामटेके (खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी), राकेश सिंह (एसटीएलएस), चंद्रशेखर तिवारी (एसटीएस), तुलसी राम यादव (सेक्टर सुपरवाइजर), आरएचओ रुपेश कान्त पटेल, मनीष देशलहरा, दिनेश पाटिल, नवीन बंछोर, ओमप्रकाश यादव (जेएसए) एवं लक्षण हरपाल सहित ग्राम रिसामा के प्रतिनिधि शामिल रहे। समारोह के दौरान टीबी मरीजों के पोषण सहयोग के तहत पायल जैन, दुर्ग द्वारा प्रदत्त फूड बास्केट का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्राम पंचायतों के सराहनीय प्रयासों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

### बंगाल में चुनाव प्रचार कर लौटे विधायक




**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर 40 दिवसीय पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार अभियान के बाद छत्तीसगढ़ लौटे। रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी व पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया। विधायक चंद्राकर को पार्टी संगठन द्वारा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के महत्वपूर्ण चरणों में प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी गई थी। संगठन के आदेश को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने बीते 40 दिनों तक लगातार बंगाल के विभिन्न जिलों, ग्रामीण अंचलों व बूथ स्तर तक जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया।

### व्याख्याता को दी ससम्मान विदाई



**पाटन।** डीआरएस सेजेस, पाटन में व्याख्याता जीवन लाल ठाकुर के सम्मान में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी तथा एसएमडीसी अध्यक्ष मिलन देवांगन नगर पंचायत सभापति केवल देवांगन,देवेंद्र ठाकुर , आदित्य सावनी और सागर सोनी सहित पार्षद गण विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य स्टान्सी जानसन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्राचार्य सहित सभी अतिथियों ने श्री ठाकुर के उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं विद्यार्थियों के प्रति उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ठाकुर को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक एआई वीडियो को लेकर शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रसारित हो रहे कथित आपत्तिजनक और एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना अंडा, जिला दुर्ग में आवेदन देकर संबंधित इंस्टाग्राम आईडी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन के अनुसार, @congress_polkhol नामक इंस्टाग्राम आईडी द्वारा एक आपत्तिजनक, भ्रामक और AI जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया, जिसे @randomchhattisgarh नामक आईडी के साथ साझा कर व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त वीडियो में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों के संबंध में अपमानजनक और भ्रामक सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस प्रकार की सामग्री न केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है, बल्कि समाज में भ्रम फैलाने और जनभावनाओं को भड़काने का प्रयास भी है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता में आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा संबंधित वीडियो को हटाकर आईडी को स्थायी रूप से बंद किया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की फर्जी और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की भी मांग की गई है। इस दौरान प्रमुख रूप से देवेंद्र देशमुख (ब्लॉक अध्यक्ष), टिकेश्वरी देशमुख , नंद कुमार सेन , राकेश हिरवानी (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत), डॉ. जीतेन्द्र साहू , दिग्विजय सिन्हा , बैकुंठ महानंद, प्रवीण चंद्राकर, नवनीत चंद्राकर, प्रशांत पाण्डेय, भूपेश यादव, बुधार पाल, संतोष पाल, संदीप चंद्राकर, तेज राम चौहान, डॉ. जे.डी. चेलक, खोमराज साहू, जायभूषण साहू, जीतेन्द्र यादव, आत्मा पटेल, रमेश साहू, चुरामन साहू, कौशल प्रसाद महिलांग, चंद्र शेखर साहू, राजू निर्मारकर और भूपेश हरमुख आदि मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय कराटे में पाटन की गुंजन ने जीता सिल्वर मेडल



**पाटन।** नगर की छात्रा गुंजन साहू ने बुधवार को सेक्टर-9 महिला महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। वे मुरली साहू की पुत्री हैं और आरव कराते एकेडमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। अपने कोच के मार्गदर्शन में उन्होंने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लिया, जिसका परिणाम इस उपलब्धि के रूप में सामने आया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों के बीच उन्होंने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए फाइनल तक पहुंचकर यह सम्मान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, तहसील साहू संघ पाटन के पूर्व अध्यक्ष दिनेश साहू, खेमलाल साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी, कमलेश्वरी साहू, हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, रामनारायण साहू, पारखत साहू सहित अन्य ने गुंजन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, कोच युवराज कुमार साहू ने उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि वे भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

## बिजनेस साइट

### जयंत फर्नीचर में जीरो डाउनपेमेंट पर सामान उपलब्ध



**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट पार्किंग के पास अग्रवाल मिष्ठान भंडार के आगे संचालित जयंत फर्नीचर इंटरप्राइजेस एंड मोबाइल का नया ब्रांच नवाब प्लाजा मान होटल चौक इंदिरा मार्केट दुर्ग में संचालित है। जयंत फर्नीचर के संचालक ने बताया कि यहां सभी सामान में सभी प्रकार के फाइनेंस सुविधा जीरो प्रतिशत डाउनपेमेंट में उपलब्ध है। शादी विवाह के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध है। विभिन्न फाइनेंस कंपनियों और बैंकों के द्वारा आसान किस्तों में सामान उपलब्ध कराया जाता है। जयंत फर्नीचर इंटर प्राइजेस एंड मोबाइल में सभी प्रकार के फर्नीचर, सोफा, पलंग, दीवान, डायनिंग टेबल सेट आदि सहित इलेक्ट्रानिक सामान में मोबाइल में सभी कंपनियों के सभी रेंज के मोबाइल उपलब्ध है। इसके अलावा फ्रीज, वाशिंग मशीन, स्मार्ट टीवी, एलईडी टीवी, एसी, कुलर आदि का विशाल रेंज उपलब्ध है।

### होम्योपैथी में मौजूद लू से बचाव की दवा



**भिलाई।** इन दिनों दुर्ग-भिलाई, रायपुर, बिलासपुर जैसे शहरों में के तापमान 40-43 डिग्री है। हिट वेव कि चपेट में आकर लोग उल्टी, उल्टी लगना, भूख न लगना, सिर चकराना, सुस्ती लगना, चिड़चिड़ाना, किसी काम में मन न लगन, बेचैन रहना, सरदर्द, बदन दर्द के शिकार हो रहे हैं। होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. संजय मनवानी ने बताया कि इसके लिए होम्योपैथी में बचाव और ईलाज दोनों की दवाएं है। अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइस की कमी हो जाती है, जिससे कई बार काफी गंभीर स्थिति का सामना मरीज को करना पड़ता है। यदि आप धूप में जा रहे है तो होम्योपैथी दवाई के 2-3 खुराक लेने पर बचाव हो जाएगा । होम्योपैथी अपनाए और खुद को सुरक्षित रखे।

## पुलिस की कार्रवाई

# आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले दो युवक पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईपीएल क्रिकेट सट्टा का संचालन करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने नगदी रकम, चार मोबाइल कुल 64 हजार 600 का सामान जब्त

- उतई पुलिस ने चार मोबाइल सहित 64 हजार 600 रुपए किया सामान जब्त




किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढौर स्थित ग्राम में आईपीएल क्रिकेट मैच ( राजस्थान बनाम पंजाब) के मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालिन किया जा रहा था। उतई पुलिस ने घेराबंदी कर अविनाश मिश्रा, लोकेश सोनबोई को पकड़ा है। मौके से कई सामान बरामद हुए जिसमें सट्टे की कई जानकारी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के अवैध सट्टा एवं जुआ गतिविधियों से दूर रहें। ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री नितिन वर्मा पिता श्री आर. के वर्मा, उम्र 34 वर्ष, निवासी न्यु आदर्श नगर दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के हक वो स्वामित्व की भूमि मौजा पोटियाकला, वार्ड नं.53, प.ह.नं.55, रा.नि.मं.दुर्ग-1, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 164/50 रकबा 1860 वर्गफीट, जिसे पूर्व में मेरे पक्षकार ने श्रीमती जसप्रीत कौर पति श्री हर्षदीप सिंह से क्रय किया था। श्रीमती जसप्रीत कौर ने उक्त भूमि को दिनांक 22.12.2017 को श्रीमती ममता सोनी पति श्री राकेश सोनी से क्रय किया था जिसके रजिस्ट्री बयनामा की मूलप्रति मेरे पक्षकार से कहीं गुम हो गयी है जिसे काफी खोजबिन किया पर प्राप्त ना हो सकी है और निकट भविष्य में उसके मिलने की कोई संभावना नहीं है। उक्त भूमि के रजिस्ट्री बयनामा की कापी किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होती है तो कृपया मेरे पक्षकार के मोबाईल नंबर पर संपर्क कर उन्हें प्रदान करने की कृपा करें।

सो सूचना जाने ।

दिनांक :-29.04.2026
स्थान - दुर्ग

अनुराधा बक्शी (अधिवक्ता)
पोलसाय पारा, दुर्ग
मो.- 9179280257

### बीएमडीसी में स्ट्रैटेजिक लीडरशिप पर कार्यशाला




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर (बीएमडीसी) में एलेवेटिंग एग्जीक्यूटिव प्रेज़ेन्स फॉर स्ट्रैटेजिक लीडरशिप विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। शिपिंग कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष एसपीएस जग्गी ने एग्जीक्यूटिव प्रेज़ेन्स के आयाम ग्रेविटास, कम्युनिकेशन एवं अपीयरेंस तथा इनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इमोशनल इंटेलिजेंस, पर्सनल ब्रांडिंग एवं नेटवर्किंग को नेतृत्व विकास में सहायक बताया। अभिनव विश्वकर्मा व के शिवा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने दिया।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### अवैध गांजा समेत दो पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना ओम शांति पारा, पुरैना निवासी अर्जुन चौहान, ईश्वर चौहान को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 4.970 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 2.49 लाख 70 रुपये आंका गया है। पुरैना नर्सरी डेम के पास गांजा रखकर बेजने की जानकारी मिली थी। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग पुलिस आमजन से अपील करती है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिससे उनके खिलाफ शिकंजा कसा जा सके।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि स्वीपर मोहल्ला, भिलाई निवासी एस योगेश होंडा शोरूम खंडहर के पास रायपुर रोड पावर हाउस में शराब बेचने की जानकारी मिली थी। पेट्रोलिंग की टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। उसके पास से 1. 30 नग पौवा शोले देशी मसाला शराब 3000 रुपये का जब्त किया।

### गार्डन के बोरवेल पर निजी कब्जे का विरोध

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड 29 अर्जुन नगर में सरकारी संसाधन के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अर्जुन नगर गार्डन स्थित बोरवेल पर कुछ लोगों द्वारा किए गए निजी कब्जे की शिकायत की है। मोहल्ला वासियों के अनुसार यह बोरवेल सार्वजनिक उपयोग के लिए स्थापित किया गया था, लेकिन वर्तमान में कुछ प्रभावशाली लोग इसका इस्तेमाल निजी जरूरतों के लिए कर रहे हैं। इसके चलते क्षेत्र के अन्य लोगों को भीषण गर्मी में पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता बलविंदर सिंह और अन्य निवासियों ने बताया कि यदि बोरवेल का समुचित प्रबंधन किया जाए, तो पूरे वार्ड में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

# मैत्रीबाग में फुहारों के संग अठखेलियां करता जंगल का राजा, फुदकते हिरण, नाचता मोर

**विमल शंकर झा/ संजय पांडे । भिलाई.** शहर में इन दिनों जब सूरज का पारा सातवें आसमान पर है, तो इंसान ही नहीं बेजुबां जानवरों की भी व्याकुलता बढ़ रही है। भीषण गर्मी में वन्य प्राणियों को लू और ग्रीष्मकालीन बीमारियों की चपेट में आने से बचाने के लिए व्यापक इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। प्रबंधन द्वारा संवेदनशील जानवरों और परिंदों के एनक्लोजर और कैजों में ठंडकता के लिए तरह तरह के उपाय किए गए हैं। जानवरों को शीतलता और सुकून देने के लिए पानी के फौव्वारों और छायादार चटाई आदि सघन करने के साथ उनकी देखभाल और खानपान पर भी खासा ध्यान रखा जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक जू में करीबन तीन सौ जानवर और वन्य प्राणी हैं, जिनमें गैर जलचर संवेदनशील जानवरों व पक्षियों पर मौसम यानी अधिक गर्मी और ठंडी का असर जल्दी होता है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि टाइगर, हिरण,सांभर आदि जानवरों सहित संवेदनशील वन्य प्राणियों को ठंडा वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए शावर, पानी के मोढ़ और ग्रीननेट आदि सघन कर दिए गए हैं।



### फुहारों में अठखेलियां करता जंगल का राजा सिंघम

जंगल के राजा टाइगर की दहाड़ से भले ही बीहड़ में हर कोई कांपता हो लेकिन खुद वह आसमानी आग से डर के मारे भीगी बिल्ली बन जाता है। लेकिन मैत्रीबाग जू में भीषण गर्मी सफेद बाघों के लिए रैन में चैन साबित हो रही है। संवेदनशील माने जाने वाले 5 वाइट टाइगर अपने एनक्लोजरों में ठंडा ठंडा कूल कूल माहौल मिलने से खासा सुकून और आनंद महसूस कर रहे हैं। एनक्लोजर में ठंडकता के लिए लगाए गए पूस के टाइफा और बिछाई गई रेत तथा पाइप से पानी के दिए जा रहे फौव्वारों से सराबोर अठखेलियां करते सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बौछारों में भीगते हुए खूंखार सिंघम मजा लेते हुए जैसे कह रहा है -वाह क्या मौसम है और राणा की भी फिलिंग ठंडे ठंडे पानी से नहाना चाहिए... है।



### बौछारों से प्रसन्न मोर नयानभिराम नृत्य की मुद्रा में

तपते आसमान से बरसती आग ने परिंदों की भी हरवक्त स्वाभाविक चहचहाहट को मंद कर दिया है। मैत्रीबाग में पक्षियों को गर्म हवा के थपेड़ों से बचाने के लिए सघन किए गए इंतजामों के तहत पानी की फुहारों से कुछ राहत महसूस कर रहे हैं। परिंदों की कूलिंग के लिए यहां सभी के कैज के बाहर जाली पर टाइफा ग्रीननेट से चौतरफा छाया दी जा रही है और खाने में रसभरे व पानीदार फल व दाने दिए जा रहे है। फुहारों से यहां मोर तो इतनी प्रसन्नता फील कर रहा है कि बारिश के में अपने खूबसूरत पंखों को फैलाकर थिरकने की तैयारी में दिखाई देता है। भीषण गर्मी में पर्यटकों के लिए यह सुंदरतम नजारा रोमांचक है। जू में तोते,कबूतर, उल्लू,बतख,लवबर्ड आदि करीबन सौ पक्षी हैं। दो दर्जन बंदर भी ग्रीननेट की छांव में खीरा व तरबूत खाते तपिश के बेचैनी भूलने की कोशिश करते नजर आते हैं।



### खूबसूरत पेलिकन की बढ़ी जलक्रीड़ा

आकर्षक पेलिकान बर्ड विलुप्तप्राय जलचर है। लेकिन बढ़ते तापमान को देखते हुए मैत्रीबाग में इन्हें शीतलता के लिए कैज के पानी के पोखर में जलराशि बढ़ानके सा दो तीन टाइम पानी बदला भी जा रहा है। इसके चलते तेजी से जलक्रीडा करते पैलिकन बड़्स सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां आठ पेलिकन बड़्स हैं।



### कुलांचें भरते हिरणों को रिमझिम बारिश जैसा एहसास

मैत्रीबाग में ठंड के दिनों में कुलांचें भरते खूबसूरत हिरणों के समूह के खुशनुमा नजारे गर्मी के मौसम में कम ही दिखाई देते हैं। इन दिनों तपिश बढ़ने पर अपने बाड़े मे लगे स्प्रिंकलरों के पानी की बौछारों से उनकी चौकड़ियां वाटर कैंपस तक सिमट गई हैं। जू के करीबन सौ हिरणों को गर्मी से बचाने के लिए आधा दर्जन से अधिक स्प्रिंकलरों से रिमझिम फुहारों का एहसास हो रहा है। तीस सांभरों को भी पानी के शावर से भिगाने के साथ मोड़ के प्रवाहमान जलस्रोतों व मड से ठंडकता उपलब्ध कराई जा रही है।

### घड़ियाल : अब सनबाथ नहीं वाटर बाथ का ले रहा लुत्फ

कुछ लोग बाजू में मगर की तरह दिखाई देने वाले घड़ियालों को ही क्रोकोडायल समझ खुश हो ले रहे हैं। मैत्रीबाग मे गर्मी बढ़ने के बाद क्रोकोडायल व घड़ियालों के एनक्लोजर के जलस्रोत में सदैव पानी को ठंडा रखे जाने के साथ सफाई कर स्वच्छ रखा जा रहा है।





### छायादार ग्रीन नेट और फुहारों से परिंदों की बढ़ी चहचहाहट

गर्मी बढ़ने के साथ ही मैत्राबाग में पर्यटकों की आमद भी कम हो गई है। आने वालों में ग्राम्य क्षेत्रों के कुछ लोग और युवा जोड़े अधिक होते हैं। बर्ड कांप्लेक्स में भीषण गर्मी से राहत के लिए लगाए गए ग्रीन नेट की छाया और स्प्रिंकलर की फुहारों से पक्षियों की चहचहाहट बढ़ गई है। महिलाएं और बच्चे अपने मोबाइल कैमरे से चहकते परिंदों की फोटो ले रहे हैं।

# सामुदायिक संगठकों के लंबित वेतन व नियमितीकरण का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- दया सिंह ने डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात

खुर्सीपार लक्ष्मी नारायण नगर के पार्षद और निगम में उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर सामुदायिक संगठकों के लंबित वेतन और नियमितीकरण का मुद्दा उठाया।

उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न नगर निगमों में कार्यरत सामुदायिक संगठकों की स्थिति को विस्तार से रखते हुए कहा कि पिछले 6 महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है।

दया सिंह ने बताया कि इन संगठकों की भर्ती पूरी तरह विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत की गई थी। इसमें लोक विज्ञापन, आरक्षण रोस्टर, मेरिट सूची, मेडिकल परीक्षण और साक्षात्कार जैसे सभी नियमों का पालन किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 309 के अनुरूप ही भर्ती प्रक्रिया पूरी हुई थी। उनका कहना था कि संविदा के नाम पर मानदेय शब्द का उपयोग नियमों के विपरीत है और यह संविदा अधिनियम 2004 के प्रावधानों से मेल नहीं खाता। ऐसे में संगठकों को नियमानुसार वेतन और सेवा शर्तों का लाभ मिलना चाहिए। दया सिंह ने बताया कि सामुदायिक संगठक पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनमें स्व-सहायता समूहों का गठन, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, पेंशन योजनाएं, स्वच्छता अभियान और मलेरिया-डेंगू सर्वे जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन संगठकों की सेवाएं जारी नहीं रखी गईं तो शहरी निकायों में संचालित हजारों स्व-सहायता समूहों और योजनाओं का संचालन प्रभावित होगा। विधानसभा अध्यक्ष से मांग की कि सामुदायिक संगठकों का नियमितीकरण किया जाए और रुके हुए 6 महीने के वेतन का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कोरमा राव, अल्पना चंद्राकर, सुषमा साहू, कुसुम लता यादव, अंजनी निशा वर्मा सहित सामुदायिक संगठक मौजूद थे।



# महिलाओं को देवी या दासी नहीं बल्कि समान अधिकार चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भाजपा महिला मोर्चा भिलाई द्वारा बुधवार को जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक महिला आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर विपक्षी दलों के नेताओं का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर रहीं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने अध्यक्षता की, वहीं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

स्वीटी कौशिक ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए विपक्ष पर विरोध का आरोप लगाया। मुख्य अतिथि डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि नए संसद भवन के निर्माण के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की आधी आबादी के सम्मान के रूप में प्रस्तुत किया गया, लेकिन विपक्ष ने इसे रोकने का प्रयास किया। उन्होंने विपक्ष पर महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं नारे का जिक्र करते हुए इसे दिखावटी बताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को देवी या दासी नहीं, बल्कि समान अधिकार चाहिए। उन्होंने महिलाओं से हर क्षेत्र में सशक्त बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन स्वीटी कौशिक और सविता नाहक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मिथिला खिचारिया ने किया। रैली में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।








हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02 निषाद समाज ने विधि विधान से कराया दो बेटियों का आदर्श विवाह

## लाइव इवेंट

## छग की सांस्कृतिक धरोहर, पंडवानी की स्वर साम्राज्ञी तीजन बाई का जाना कुशलक्षेम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोकसंस्कृति की पहचान, पंडवानी की अनुपम साधिका तीजन बाई पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रही हैं। उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने बुधवार को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और उनकी पूरी टीम तीजन बाई के गृह ग्राम गनियारी में उनका कुशलक्षेम जानने पहुंचे। इस दौरान सभी सदस्यों ने आत्मीयता से उनसे भेंट कर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। यह मुलाकात सभी के लिए भावनाओं से ओतप्रोत रही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और टीम द्वारा तीजन बाई का कला क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। चेंबर के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की कला, संस्कृति और विरासत को संजोने वाले महान व्यक्तित्वों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझता है। ऐसे कलाकार, जो छत्तीसगढ़ का नाम देश-विदेश में रोशन करते हैं, उनके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चैंबर से अनूप गटागट, सतीश समर्थ, शिव चंद्राकर, किशोर जैन, मनोज अग्रवाल, आशीष सक्सेना,अरुण दुग्गड, विपुल साहू, नीतू श्रीवास्तव, रूपलता साहू, अनीमा सिंह, संगीता देवांगन उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

## नृत्य हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा



**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नृत्य के प्रति रुचि बढ़ाना तथा विभिन्न नृत्य शैलियों के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद अमृतफले ने स्वागत भाषण दिया और अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नृत्य केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि नृत्य प्रदर्शन में हाथों, दृष्टि और मन के समन्वय से रस-भाव भावनात्मक अभिव्यक्ति का सृजन होता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। विद्यार्थियों की ऊर्जा, भाव-भंगिमा एवं तालमेल सराहनीय रहा। यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन ने सभी को नृत्य के प्रति प्रेरित किया और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत बनाने में योगदान दिया।





## भिलाई चेम्बर ने व्यापारियों को सतर्क रहने और नियमों का पालन करने की दी सलाह

**भिलाई।** जीएसटी विभाग द्वारा रजिस्टर्ड और अन-रजिस्टर्ड डीलरों का सर्वे शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने व्यापारियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित करें। चेम्बर ने कहा गया है कि प्रत्येक व्यापारी अपनी दुकान के बाहर फर्म का नाम और जीएसटी नंबर का बोर्ड स्पष्ट रूप से लगाए। काउंटर पर केवल आवश्यक दस्तावेज ही रखें ताकि सर्वे के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। अन-रजिस्टर्ड डीलरों को विशेष रूप से बैंक स्टेटमेंट, पैन, आधार और क्यूआर कोड ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड तैयार रखने की सलाह दी गई है। साथ ही जीएसटी के सभी नियमों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि जीएसटी सर्वे व्यापारियों के लिए एक गंभीर विषय है। यदि हम सभी नियमों का पालन करेंगे तो किसी भी प्रकार की कानूनी परेशानी से बचा जा सकता है।

### नारियल पानी, बेल शरबत और आमपना का भी बढ़ा क्रेज

# गर्मी में स्वस्थ रहने सत्तू, आमपना और बेल शरबत का सहारा, लू से बचने के लिए कर रहे काफी जतन

**नौ तपा के साथ ही भीषण गर्मी का महीना यानी मई की शुरुआत होने वाली है। अप्रैल माह की शुरुवात से ही सूर्य देव अपना प्रचंड रुप दिखा रहे हैं। अब जिससे गर्मी का पारा रोज 42 से 43 डिग्री से ऊपर चढ़ रहा है। लोग गर्मी से बचने एवं अपना गला तर करने व्यवस्था में लगे हुए हैं। गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य को ठीक रखने और लू से बचने के लिए काफी जतन करने होते हैं। इस संदर्भ में श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर व एचओडी जनरल मेडिसीन डॉ राहुल गुलाटी ने बताया कि बढ़ रही गर्मी में बाहर आने जाने वालों को अपने स्वास्थ्य की केयर करना बेहद जरुरी है,जिसमें खानपान को भी प्राकृति के अनुसार ही करना चाहिए। इस मौसम में रसीले फल जिसमें तरबूज, खरबूज, ककड़ी, अनार, संतरा इन फलों को प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल अवश्य करें। साथ ही सत्तू, आम पना, बेल शरबत या छाछ का सेवन करते रहे।**

**भिलाई।** जगह-जगह आमपना व बेल जूस सहित अन्य जूस वाले चौक-चौराहों में अपनी दुकानें भी सजाए हुए हैं। तरबूज, खरबूज की आवक भारी मात्रा में हो रही है। लोग गला तर करने इसका इस्तेमाल भी अधिक से अधिक कर रहे है। वहीं गर्मी के तेवर को देखते हुए बाजार में देसी फ्रीज के नाम से जाने वाले मटके की दुकान दो महीने पहले से लगी हुई है। जिसे फ्रीज का पानी सूट नहीं करता वे लोग इसकी खरीदारी अब भी कर रहे हैं।

### जंकफूड से रहें दूर और पानी का करें अधिक सेवन

सूर्य की तपीश से हर कोई परेशान है। दिन को तेज धूप रहने से बाहर निकलने के पहले लोगों को सोचना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में शरीर का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। डॉ. राहुल गुलाटी ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर को अधिक पानी की जरूरत होती है। इस मौसम में बच्चों एवं बुजुर्गो खासकर हार्ट व डायबिटीज के पेशेंट का विशेष ध्यान देना जरुरी है। गर्मी में रात का बचा खाना, तेल, मसाला, स्ट्रीट जंकफूड आदि से दूर रहे। क्योंकि गर्मी में कोई भी फूड जल्दी खराब होते है जिसे खा लेने पर डीहाईड्रेशन व हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी में शरीर को तंदरुस्त रखने खान-पान का भी विशेष ध्यान देना जरूरी है ताकि किसी तरह की बीमारी शरीर में ना आ पाएं। धूप में निकलने से पहले शरीर को पूरी तरह से कवर होकर निकले, शरीर में धूप सीधे नहीं पड़नी चाहिए।



### पानी साफ होना चाहिए

डॉक्टर ने कहा कि इस मौसम में पानी की गुणवत्ता का भी ध्यान रखना जरूरी है। कई बार कुछ क्षेत्रों में पाईप लाइन व अन्य कारणों से पानी की सप्लाई खराब होती है। इसका भी ध्यान देना आवश्यक है कि पीने वाला पानी साफ है या नहीं। इससे पीलिया जैसी बड़ी बीमारी हो सकती है साथ ही लूज मोशन व उल्टीयां होने पर खुद से उपचार न करते हुए तत्काल डाक्टर के पास जाएं अन्यथा स्थिति गंभीर हो सकती है।

### प्रकृति के अनुरूप रहे

खानपान को भी प्राकृति के अनुसार ही करना चाहिए। इस मौसम में रसीले फलों की भरमार रहती है। इसका सेवन जरूर करना चाहिए, तरबूज, खरबूज, ककड़ी, अनार, संतरा इन फलों को प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल अवश्य करें।

### दही व छांछ भी पीएं



डॉ राहुल गुलाटी ने बताया कि गर्मी में पेट को सबसे अधिक ठंडक दही व छांछ से मिलती है, इसका सेवन तो अवश्य ही करना चाहिए। यह पेट की गर्मी को भी दूर करता है। इसे खाने में शामिल करना चाहिए।

### ताजा आमपना फायदेमंद

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर के सेक्टर 6, दुर्ग, पावर हाउस सहित अन्य स्थानों में आमपना व बेल जूस बिकने लगा है। इस जूस को पीने से सूर्य की तपिश व शरीर की गर्मी शांत होती है। ताजा आमपना पेट संबंधी समस्याओं को दूर करता है।

### नारियल पानी व लस्सी से ठंडक

इस भीषण तार्मी में गला बार बार सूखता है। गर्मी में गले को ठंडा रखने नारियल पानी, लस्सी व गन्ना रस पीना चाहिए। शहर के हर चौक- चौराहों पर नारियल पानी व रस भंडारों की दुकानें लगी हुई है। गन्ना रस भी बीस रुपए गिलास बिक रहा है। नारियल पानी वाले अर्जुन कुमार प्रसाद ने बताया कि इस बार सभी जगह तमिलनाडु के सेलम से नारियल आ रहा है। ठंडे पेय पदार्थों को लोग खूब पी भी रहे हैं।



## नेत्रहीन विद्यालय के छात्रों को सामान रखने इनरव्हील क्लब ने दिए रैक



**भिलाई।** सेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज निर्माण की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ दुर्ग द्वारा निशुल्क नेत्रहीन विद्यालय दिव्य ज्योति के छात्रावास में विद्यार्थियों को अपने सामान रखने के लिए 12 मजबूत रैक भेंट किए गए। इन रैक से विद्यार्थियों को अपनी आवश्यक सामग्री व्यवस्थित रखने में सुविधा मिलेगी।इस सेवा कार्य से विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मीयता झलक उठी।

इनर व्हील क्लब ऑफ दुर्ग की अध्यक्ष नताशा दुआ और सचिव स्नेहा मित्तल ने बताया कि दिव्य ज्योति विद्यालय के छात्रावास में रह रहे दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए 12 रैक भेंट किए गए। इन रैक से विद्यार्थियों को अपनी आवश्यक सामग्री व्यवस्थित रखने में सुविधा मिलेगी। जिसे पाकर उनकी मुस्कान ने यह साबित किया कि छोटी-सी मदद भी किसी के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकती है। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, उत्साह और संघर्षशीलता उपस्थित सभी सदस्यों के लिए प्रेरणादायक रही। नताशा दुआ ने कहा कि क्लब की यह पहल समाज में संवेदना, सहयोग और सेवा के आदर्श मूल्यों को मजबूत करने प्रेरक मिसाल है। इस दौरान क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि सच्ची दृष्टि केवल आंखों में नहीं, बल्कि व्यक्ति के साहस, आत्मबल और जज़्बे में होती है। सेवा और सहयोग का यही भाव समाज को मानवीय मूल्यों से जोड़ता है।

इस अवसर पर पीडीसी चित्रा बहादुर, पीडीसी रसिका बहादुर, कनिका जैन, रश्मि जैन एवं पिंकी बंसल का विशेष सहयोग रहा।

## ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर सैकड़ों ग्रामीणों की हुई



**भिलाई।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच मजबूत करने और लोगों को प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम समोदा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधुनिक एक्सरे मशीन के माध्यम से ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिससे अनेक लोगों को समय रहते स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सरपंच अरुण गौतम एवं सचिव कमला देवांगन द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल से ग्रामीणों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. रश्मि लीलाहारे ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान की। उनके साथ नर्सिंग स्टाफ ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मितानिन कार्यकर्ताओं लता देशमुख, केशरी देशमुख, नंदनी निषाद, संतोषी देशमुख एवं लोमीन देशमुख का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने ग्रामीणों को शिविर तक पहुंचाने, पंजीयन एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और विशेषज्ञों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के नियमित आयोजन की आवश्यकता जताई। ग्राम सरपंच अरुण गौतम ने कहा कि यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का माध्यम बना, बल्कि ग्रामीण समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ है।

### फ्लोरल अरेंजमेंट एवं बुके मेकिंग पर कार्यशाला में दिखा उत्साह

# फूलों की खूबसूरती के बीच निखरा हुनर, विद्यार्थियों ने सीखे फ्लोरल अरेंजमेंट से स्वरोजगार और रचनात्मकता के नए आयाम

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कौशल विकास पाठ्यक्रम गार्डनिंग एंड फ्लोरीकल्चर के तहत फ्लोरल अरेंजमेंट एवं बुके मेकिंग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को साइप्रस, साइकस, पाम आदि वनस्पतियों तथा विभिन्न दुर्लभ पुष्पों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में आयोजित फ्लोरल अरेंजमेंट एवं बुके मेकिंग कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए रचनात्मकता, प्रयोगात्मक शिक्षा और रोजगारपरक अवसरो की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने युवा प्रतिभाओं को पुष्प सज्जा कला, फ्लोरीकल्चर और उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ते हुए उन्हें भविष्य के लिए नई दिशा प्रदान की।

हुडको भिलाई स्थित स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को फ्लोरल डिजाइनिंग, बुके मेकिंग, पुष्प सज्जा और माला निर्माण की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. नीना बागची ने बताया कि



यह कार्यशाला विद्यार्थियों के भीतर कौशल विकास, रचनात्मक सोच और स्वरोजगार की संभावनाओं को विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी।

### पुष्प व्यवसाय के सीखे विभिन्न कौशल

इस अवसर पर फ्लावर मार्केट के अध्यक्ष और विशेषज्ञ अरुण जेना और उनकी टीम के सदस्य गौतम दास ने विद्यार्थियों को पुष्प व्यवसाय के विविध आयामों जैसे लागत निर्धारण, ऑर्डर प्रबंधन, समय नियोजन, विपणन और व्यवसायिक विश्लेषण की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न शैली में फ्लोरल अरेंजमेंट तैयार कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, जिससे उनके भीतर इस क्षेत्र को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की प्रेरणा मिली।

### युवाओं को रचनात्मकता के साथ आर्थिक अवसर

श्री शंकराचार्य शैक्षणिक परिसर के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा ने कहा कि कार्यशाला में विद्यार्थियों ने न केवल तकनीकी ज्ञान अर्जित किया, बल्कि व्यवसायिक संभावनाओं और स्वरोजगार के व्यावहारिक पहलुओं को भी समझा। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, कौशल और करियर निर्माण का प्रेरणादायक अवसर साबित हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक पुष्प सज्जा मॉडल्स की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं की रचनात्मकता को आर्थिक अवसरों में परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं।



## सिटी इवेंट

# सीजी बोर्ड में शकुंतला विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम





**भिलाई।** छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परीक्षाफल बुधवार को घोषित किया गया। इसमें शकुंतला विद्यालय क्रमांक 2 के कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शकुन्तला विद्यालय क्रमांक-2 रामनगर भिलाई के हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी कक्षाओं का परीक्षाफल 96.2 प्रतिशत रहा। हायर सेकेण्डरी में सम्मिलित कुल 135 विद्यार्थियों में से 99 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और हाई स्कूल में कुल 103 विद्यार्थियों में से 74 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । हायर सेकेण्डरी में एस कुर्मा राव 96.2% (481/500) अंक प्राप्त किया मात्र एक अंक से वे राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने से चूक गये जिला स्तर पर वे तृतीय स्थान पर रहे एवं शाला स्तर पर प्रथम । हिमांशु वर्मा 93.4% के साथ द्वितीय, तुषार कुमार वर्मा 93.2% के साथ तृतीय, पियुष कुमार साहू 93% के साथ चोथा स्थान, अमृता पटेल 92.8% के साथ पांचवा स्थान में रहें। इसी क्रम में हाई स्कूल से खुशबू पटेल 91.83% प्रथम, हिमांशु कुमार 91% द्वितीय स्थान पर रहे। हायर सेकेण्डरी में अग्रेजी महिन्दी में 96, गणित में 100, जीवविज्ञान में 96 अंक, रसायन में 100, भौतिकी में 97 एवं एकाउन्टस में 97 उच्चतम अंक रहे, वहीं हाई स्कूल में अग्रेजी में 92, हिन्दी में 99, गणित में 98, सामाजिक अध्ययन 93 संस्कृत 95 उच्चतम अंक रहे। इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए डायरेक्टर संजय ओझा, प्राचार्या आरती मेहरा, शंकुन्तला विद्यालय (सीबीएसई) प्राचार्य विपिन कुमार, प्रबंधक ममता ओझा शारदा विद्यालय रिसाली और अन्य इंजार्च, समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## धर्म लाइव

# छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ द्वारा संभाग अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष का निर्वाचन आईटीआई भिलाई में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी विजय लहरे महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी जयंत साहू संभागीय अध्यक्ष आईटीआई रायपुर के निर्देशन में किया गया। चुनाव में दुर्ग जिला अध्यक्ष जुबेल लकड़ा, बालोद जिला अध्यक्ष शेखर साहू, राजनादगांव जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, बेमेतरा जिला अध्यक्ष आशा मारकंडे, छुई खदान गंडई खैरागढ़ जिला अध्यक्ष गौकरण, अंबागढ़ चौकी जिला अध्यक्ष शशिकांत, कबीरधाम जिला अध्यक्ष गोल चंद बंजारे एवं दुर्ग संभाग अध्यक्ष चंद्रकांत साहू निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आई टी आई कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, हरि शर्मा उप प्रांताध्यक्ष शिक्षक संघ छत्तीसगढ़, भानु प्रताप यादव जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग, शिवदयाल घृतलहरे सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग एवं धर्मेंद्र देशमुख कार्यालय सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, प्राचार्य महिला आई टी आई पुलगांव गोरख प्रसाद की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हितेंद्र साहू और केवल वर्मा संभागीय प्रचार सचिव द्वारा किया गया।

## धर्म लाइव

# संजय को क्षत्रिय महासभा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में उच्च पदस्थ रहे वरिष्ठ गायक-संगीतकार संजय सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन चंडीगढ़ में 11 एवं 12 अप्रैल को हुआ। जिसमें क्षत्रिय समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई। अधिवेशन के दौरान मथुरा से तीन बार सांसद रह चुके राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजा मानवेन्द्र सिंह ने युवराज ऋषिराज सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही टिक्का शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ को यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्रीमती इंदु तोमर को महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा घोषित किया गया। वहीं संजय सिंह को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर देश भर से 24 प्रांतों के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह एक प्रसिद्ध गायक हैं और भारतीय टेलीविजन के कई लोकप्रिय रियलिटी शोज़ जैसे सोनी टीवी, ज़ी टीवी और दूरदर्शन के विजेता रह चुके हैं। संजय को दिव्यांग बच्चों पर संगीत वीडियो बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र (यूनिसेफ) द्वारा सम्मान और प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त हुआ है। हाल ही में उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित 'संगीत श्री'पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आईआईटी बीएचयू के पूर्व छात्र संजय ने अपने संगीत करियर को पूर्णकालिक रूप से अपनाने से पहले लगभग 35 वर्षों तक केंद्रीय सरकारी उपक्रम बीएसपी व सेल में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## कोसानगर में बुद्ध जयंती 1 मई को

**भिलाई।** बौद्ध कल्याण समिति कोसानगर भिलाई द्वारा भगवान बुद्ध की 2588 वीं जयंती 1 मई को मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे भंते जीवक और भन्ते धम्म तप द्वारा परित्राण पाठ पूजा की जाएगी। तत्पश्चात शाम 7 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महादेव कवरेज, विशेष अतिथि दिलीप वासनिकर, केएस कांडे, संजय गजघाटे, मधुकर जंभुलकर आदि मौजूद होंगे। बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी होगा। यह जानकारी बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर के अध्यक्ष नेकराम रामटेके ने दी है।

---

● तपती गर्मी में बेजुबानों के लिए राहत की पहल-गंजपारा निवासियों ने पेश की संवेदनशीलता की मिसाल

# तपती गर्मी में बेजुबानों के लिए राहत पहुंचाने हर 100 मी. की दूरी पर कोटना की व्यवस्था व पक्षियों के लिए बांटे सकोरे

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच जहां इंसान अपने लिए राहत के साधन जुटा लेता है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों के सामने पानी और भोजन का गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे कठिन समय में दुर्ग गंजपारा के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान शुरू कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में हर 100 मीटर की दूरी पर 50 सीमेंट से बने कोटना स्थापित कर गौ माता और अन्य पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की गई है, वहीं घर-घर जाकर लगभग 200 से अधिक मिट्टी के सकोरे वितरित किए जा चुके हैं ताकि लोग अपनी छतों पर पक्षियों के लिए पानी रख सकें। यह अभियान गर्मी में हजारों बेजुबानों को जीवनदान देने सकारात्मक संदेश दे रहा है। प्रतिदिन बढ़ गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है और व्यवस्था न होने पर वे अपनी जबान से मांगकर पानी पी सकते है क्योंकि मानव बोल सकता है लेकिन वेजुबान पशु पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है।







### बेजुबानों की पीड़ा को समझना सबका कर्तव्य

प्रतिभा गुप्ता ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पशु-पक्षियों की पीड़ा को समझना और उनके लिए पानी की व्यवस्था करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों के बाहर रखे गए जलपात्रों की नियमित सफाई करें और उनमें स्वच्छ पानी भरें, ताकि कोई भी जीव प्यास से परेशान न हो।

### हर 100 मीटर की दूरी पर कोटना रखवाए

सुजल शर्मा ने बताया कि पिछले चार दिनों से वार्ड के जीवन प्लाजा के पीछे, बांधा तालाब, गंजपारा और सत्तीचौरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग हर 100 मीटर की दूरी पर कोटना रखवाए गए हैं। साथ ही 50 सीमेंट कोटना और 200 मिट्टी के सकोरे वितरित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान लोगों के बीच सकारात्मक संदेश दे रहा है कि यदि हर वार्ड, हर मोहल्ला और हर परिवार इस प्रकार छोटी-छोटी जिम्मेदारियां निभाए, तो गर्मी में हजारों बेजुबान पशु-पक्षियों को जीवनदान मिल सकता है।

### हर घर बने बेजुबानों के जीवन का सहारा

गंजपारा वार्ड की यह पहल अब सामाजिक प्रेरणा बनती जा रही है। स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है और कई परिवार नियमित रूप से अपने घरों के बाहर पानी रख रहे हैं। जनप्रतिनिधियों की ऐसी पहल यदि शहरभर में विस्तार पाए, तो यह अभियान एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है। समाजसेवियों की यह मुहिम बताती है कि जनसेवा केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज निर्माण का माध्यम भी है।

---

## निषाद समाज की पहल

# निषाद समाज ने विधि विधान से कराया दो बेटियों का आदर्श विवाह



**दुर्ग।** सामाजिक संदेश जन जागरूकता से प्रेरित होकर दुर्ग शहर निषाद समाज ने बोरसी निवासी अंजू निषाद एवं मंजू निषाद दोनों बेटियों की शादी प्रदेश संगठन एवं दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन के सहयोग आदर्श विवाह जिला कार्यालय पुलगांव में विधि विधान से कराई गई। समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला जब दुर्ग शहर विधानसभा विधायक एवं मंत्री गजेन्द्र यादव ने कन्यादान एवं आशीर्वाद जैसे पावन अवसर पर अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए सराहनीय सहयोग प्रदान किया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने टेंट व्यवस्था के लिए 10,000 की नगद राशि प्रदान की तथा आवश्यक राशन सामग्री की सूची भी उपलब्ध कराई। तत्पश्चात लगभग 13,075 मूल्य की राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई उन्होंने कन्यादान टिकावन स्वरूप दोनों बहनों को एक- एक सिलाई मशीन दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बकरीवाल, जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, रामेश्वर निषाद, पुरोहित मल्लेश निषाद, अंकेक्षक प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बिरेंद्र कुमार निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, दुर्ग शहर अध्यक्ष विष्णु निषाद, सचिव मनहरण निषाद, रतन निषाद, संजय जलतारे, भीम सिंह निषाद, विनोद निषाद, पुलगांव सियाराम निषाद, केवल निषाद, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष धन्वंतरी निषाद, हेमलता निषाद, महिला प्रकोष्ठ दुर्ग शहर अध्यक्ष क्षमा जलतारे, कुसुम निषाद सहित समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पोस्टर लांच

# एसआईओ के वार्षिक छात्र सम्मेलन की तैयारी शुरू




**भिलाई।** नौजवानों को समाज निर्माण के लिए तैयार करने वाले छात्र संगठन एस.आई.ओ, छत्तीसगढ़ ने अपने वार्षिक छात्र सम्मेलन का ऐलान कर दिया है। यह सम्मेलन 11-12 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसी सिलसिले में 26 अप्रैल को एस. आई. ओ भिलाई इकाई में आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया गया। जिसमें दिल्ली से आए मुख्य अतिथि एडवोकेट अनीस रहमान ने कहा कि /"समाज में बदलाव तब नज़र आता है जब हम उस बदलाव की शुरुआत खुद से करते हैं।/" उन्होंने आग्रह किया कि सम्मेलन में ज़्यादा से ज़्यादा छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि एक बेहतर समाज बनाने में सभी का योगदान हो। इस मौके पर एसआईओ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अनस खान ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सभी छात्रों को साथ लेकर शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करते हुए सामाजिक चुनौतियों को लेकर आवाज़ बुलंद करने की है। पोस्टर लॉन्च करते वक़्त मुख्य अतिथि एडवोकेट अनीस रहमान, एमडी जुल्करनैन, रयान खान, आमिर खान, शोएब अली, इदरीस खान, अब्दुल अहद फलाही तथा कार्यकर्ता आदिल सिद्दिकी, अय्यूब खान, जैद अली, इमरान अज़ीज़, एवं अन्य कार्यकता मौजूद थे।

**राज्य छात्र सम्मेलन का किया शुभारंभ**

---

## संत-महात्मा का संगम, सनातन दसनाम गोस्वामी समाज का आयोजन

# संतों के सानिध्य में गूंजा सनातन संदेश, आद्य शंकराचार्य जयंती महोत्सव में दिखी एकजुटता

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित भगवान आद्य शंकराचार्य जयंती महोत्सव श्रद्धा, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। संत-महात्माओं के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक समारोह में जहां सनातन धर्म की आध्यात्मिक विरासत का स्मरण किया गया, वहीं युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान ने सामाजिक संगठन और नई पीढ़ी के उत्साहवर्धन को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती, महंत डॉ. रामसुंदर दास, श्री श्री 1008 विवेक गिरी महाराज, महंत सच्चिदानंद गिरी सहित अनेक संत-महात्माओं की उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी के स्वागत भाषण के साथ प्रारंभ हुए समारोह में भगवान आद्य शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत, सनातन धर्म पुनर्स्थापना और सांस्कृतिक चेतना के दिव्य योगदान का स्मरण किया गया।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिससे सामाजिक समरसता और पारिवारिक समन्वय को बढ़ावा मिला। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त समाजजनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरक उद्बोधनों और सामाजिक सहभागिता से परिपूर्ण यह आयोजन समाज की धार्मिक आस्था, संगठन शक्ति और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का प्रेरणादायक उदाहरण बना। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र पूरी और आभार वेद पुरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर दुर्ग अध्यक्ष दीपक बन, डॉ विजय गिरी, डॉ सुभाष पुरी, नंद पुरी, तिलक पुरी, लवकेश्वर पुरी, शंभू पुरी, सनत भारती, राजेंद्र भारती, विक्रांत बन, संतोष गिरी, नरेंद्र बन, खिलावन गिरी, भागवत गिरी, उमेश गिरी, चन्द्रशेखर भारती, राजेंद्र गिरी, सचिन गिरी, मयंक पुरी, प्रांजल पूरी, सौरभ गोस्वामी, प्रखर पुरी, अक्षत बन, उदित गोस्वामी सहित महासमुंद, बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, जगदलपुर, कांकेर, धमतरी,बेमेतरा, दुर्ग

### विश्व मानवता को अद्वैत वेदांत का अमूल्य दिया संदेश

वक्ताओं ने कहा कि भगवान आद्य शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष की आयु में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा को पुनर्जीवित कर विश्व मानवता को अद्वैत वेदांत का अमूल्य संदेश दिया। उनके उपदेश आज भी सनातन समाज को एकता, विश्वास और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते हैं। संतों ने उपस्थित जनसमूह से उनके आदर्शों का अनुसरण कर जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के महंत हरभूषणगिरी, सुरेन्द्रपुरी, विनोद पुरी, संरक्षक एल पी गोस्वामी, कोमल गिरी, चित्रसेन गिरी, प्रभाकर बन, प्रदेश अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र पुरी गोस्वामी, प्रीतम गिरी, महासचिव संजय गिरी, कोषाध्यक्ष सुधीर बन की सहभागिता रही। गोस्वामी समाज के भागवत कथा व्यास दिनेश भारती पामगढ़ और युवा कवियित्री लेखिका डॉ० शिखा गोस्वामी मारो ने मंच पर प्रेरक प्रस्तुति दी।

## हेल्थ टिप्स

### बच्चों की आदतें वक्त रहते सुधरवा लें, आपको भी मिलेगी राहत



पांच साल की उम्र तक भी यदि आपका बच्चा मुंह में उंगली लेता है, तो यह आदत छुड़ाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा बताए गए कुछ खास उपाय आजमाए जा सकते हैं। सबसे पहले यह समझने की कोशिश करें कि आपका बच्चा कब और क्यों अपनी उंगली मुंह में लेता है। इसके बाद, आप उनकी आदतों को सुधारने में सफल हो सकते हैं।

बच्चों के लिए मुंह में बार-बार अंगुली लेना या चूसना बहुत ही स्वाभाविक बात है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इससे बच्चा खुद को सुरक्षित और शांत अनुभव करता है। हालांकि, यह आदत छोटे उम्र तक रहना ठिक है। यही अगर चार-पांच साल की उम्र तक बनी रहे, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। इससे बच्चों के दांतों का विकास अवरुद्ध होता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों की इस आदत को छुड़ाया जाए। इसके लिए आप कुछ खास टिप्स अपना सकते हैं। आइए गुरुग्राम के डैफोडिल्स बाय आर्टेमिस के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव छाबड़ा से जानते हैं कि आखिर कैसे कोई पेरेंट्स अपने बच्चे की इस आदत को सुधार सकता है। बच्चों की अंगुली चूसने की आदत कैसे छुड़ाएं, यह जानना जरूरी है.

#### धैर्य रखना जरूरी

बच्चे की किसी भी आदत को बदलने या छुड़ाने के लिए आपका धैर्य रखना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर बात पर डांटना या सजा देना कोई विकल्प नहीं हो सकता है। डांटने से अक्सर बच्चे की आदत और ज्यादा बिगड़ने का खतरा रहता है। इसलिए बच्चे को धैर्य और शांति से समझाने का प्रयास करें।

#### विकल्प प्रदान करें

हम जानते हैं कि बच्चे खुद को अच्छा



अनुभव कराने के लिए अंगुली चूसते हैं। ऐसे में उन्हें गले लगाना और बहलाना अच्छा विकल्प हो सकता है, जिससे उनकी इस आदत को छुड़ाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा बाजार में कुछ ऐसे खिलौने या पेसिफायर भी आते हैं, जिन्हें बच्चे दांतों में दबा सकते हैं और चूस सकते हैं। ऐसे विकल्प उनकी आदत छुड़ाने में कारगर हो सकते हैं।

#### बच्चों को व्यस्त रखना सीखें


अगर आप ध्यान दें, तो समझ सकते हैं कि बच्चे अक्सर खेलते या कुछ काम करते समय अंगुली नहीं चूसते हैं। इसलिए जहां तक हो सके, बच्चों को किसी काम में उलझाकर रखें। वक्त निकालकर उनके साथ खेलें और उन्हें कुछ पढ़ाने के बहाने भी व्यस्त रखें। इस उम्र के बच्चों को रंगों से खेलना अच्छा लगता है। इसलिए उन्हें कागज और कलरफुल स्केच पेन देकर व्यस्त रखा जा सकता है। उनके मनपसंद खिलौने भी उन्हें व्यस्त रखने का अच्छा तरीका हैं।

#### प्रोत्साहन और पुरस्कार का रास्ता

बच्चों को डांटने के बजाय प्रोत्साहन और पुरस्कार का रास्ता अपनाएं। अगर बच्चा आपके कहने से अंगुली न चूसे, तो उसे कोई पुरस्कार दें। आप अंगुली न चूसने के बदले में उसकी पसंद की डिश बनाने या उसकी पसंद का खेल खेलने जैसे प्रोत्साहन भी दे सकते हैं। इन सकारात्मक तरीकों से बच्चों की आदत छुड़ाने में मदद मिलती है।

#### डेंटिस्ट से परामर्श लें

अगर अंगुली चूसने के कारण बच्चों के दांतों पर दुष्प्रभाव पड़ने लगा हो तो डेंटिस्ट से परामर्श करें। स्थिति के हिसाब से डॉक्टर आपको सलाह दे सकता है। साथ ही वह बच्चे की आदत छुड़ाने के बारे में भी कुछ उपयुक्त परामर्श दे सकता है। अगर बच्चों को अपनी आदत का नुकसान दिखे, तो वे स्वयं भी उस आदत को छोड़ने की कोशिश करते हैं।



---

गर्मियों में सेहत का ख्याल रखें गंभीरता के साथ

# झुलसाने वाली गर्मी में बढ़ जाती है चक्कर आने और बेहोशी की दिक्कत, इस मुश्किल घड़ी में अपनाइए जरूरी उपाय

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी और लू के शरीर पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सभी लोगों को इन दिनों धूप और गर्मी से बचाव करते रहना चाहिए। जिन लोगों को पहले से ही किसी प्रकार की क्रोनिक बीमारी जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या हृदय रोगों की समस्या रही है उन्हें इन दिनों में और भी सावधान हो जाना चाहिए। लू के कारण अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है।

गर्मी के दिनों में आपने भी बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। पर क्या आप जानते है कि आखिर ऐसा होता क्यों है और गर्मी के कारण कोई बेहोश हो जाए तो तुरंत क्या उपाय किए जाने चाहिए जिससे उसे किसी गंभीर समस्या से बचाया जा सके?

## हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्या

हीट स्ट्रोक या गर्मी के कारण आने वाले चक्कर-बेहोशी की समस्या आमतौर पर तब होती है जब हमारे शरीर का तापमान कुछ प्रकार के बाहरी कारकों जैसे उच्च तापमान की प्रतिक्रिया में काफी बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी के मौसम में बाहर रहने वाले, फील्ड में काम करने वाले या गर्मी के मौसम में बाहर खेलने-व्यायाम करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। यह दिक्कत तब भी हो सकती है जब आप किसी गर्म कार या इनडोर क्षेत्र में हों जहां का तापमान अधिक हो। यही कारण है कि गर्मियों में सेहत का ख्याल कैसे रखें, क्या करें-क्या नहीं? इस बारे में जानना जरूरी है।



## क्यों होती है बेहोशी?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गर्मी के दिनों में अधिक तापमान के संपर्क में आने के अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जिनके कारण आपको चक्कर आने-थकान और बेहोशी की समस्या हो सकती है।



निर्जलीकरण यानी कि डिहाइड्रेशन इसका एक प्रमुख कारण है। शरीर से पसीने के रूप में पानी निकल जाने और उस अनुपात में पानी न पीने की स्थिति में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है जिसमें बेहोशी होना एक प्रमुख लक्षण है। इसके अलावा अचानक से ठंड से गर्म या गर्म से ठंडी जगहों में जाने से शरीर के तापमान में होने वाले बदलाव के कारण भी बेहोशी-चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है।

## गर्मियों में चक्कर आने से कैसे बचें?

डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है।

पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें। अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है। ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है। गर्मियों में




नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें। जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान। सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।

## बेहोशी होने पर क्या करें?


डॉक्टर बताते हैं, गर्मी के दिनों में बेहोशी-चक्कर आने का प्रमुख कारण शरीर की तापमान बहुत अधिक बढ़ जाना होता है। यदि कोई बेहोश हो जाए तो सबसे पहले शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करें। डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए तरल पदार्थ-पानी पिलाएं। इन उपायों से भी राहत न मिले तो तुरंत किसी डॉक्टर की मदद लें। समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में लक्षणों को बिगड़ने और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा और अधिक हो सकता है।

---



# आंखों में जलन के साथ आ रहा पानी तो ऐसे पा सकते हैं निजात

आजकल गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बढ़े हुए तापमान के बीच, लोगों को कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। तेज गर्मी में चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, बेहोशी आना और बीपी लो होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। हीट वेब के बीच, अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के कारण, आंखों में भी परेशानी महसूस हो सकती है। आंखों में जलन, पानी आना और खुजली होना, गर्मी के कारण होने वाली आम समस्या है। इसे दूर करने के लिए और इससे बचने के लिए, कुछ आसान तरीके



कारगर हैं। चलिए, आपको बताते हैं कि किस तरह आप, गर्मी के कारण, आंखों में होनी वाली परेशानियों से निजात पा सकते हैं।

## गर्मियों में आंखों से आने वाले पानी और जलन को दूर करने के लिए अपनाएं ये तरीके

गर्मी के मौसम में बाहर जाते समय और बाहर से आने के कुछ देर बाद, आंखों को साफ पानी से जरूर धोएं। इसके अलावा, बाहर जाते वक्त सनग्लासेस जरूर पहनें। आंखों में नमी और ठंडक को बनाए रखने के लिए, बीच-बीच में गुलाब जल जरूर डालें। गर्मियों में आंखों में जलन न हो, इसके लिए,शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी और छाछ जैसे ठंडे ड्रिंक्स को भी डाइट में शामिल करें।

आंखों में जलन या खुजली महसूस हो रही हो या फिर अगर आपकी आंखों में गर्माहट हो, तो इसे दूर करने के लिए एक मुलायम कपड़े में आइस क्यूब्स लेकर इसे बंद आंखों के ऊपर और आस-पास के हिस्से में लगाएं। अपने चेहरे और आंखों को बार-बार हाथों से न छुएं। इससे भी आंखों में जलन हो सकती है। गर्मियों में आंखों की जलन को कम करने के लिए, कच्चे खीरे के टुकड़ों को काटकर, कुछ देर के लिए आंखों पर रखें।

इसमें हाइड्रेटिंग और ठंडक देने वाले गुण पाए जाते हैं। अगर आंखों से पानी आ रहा है, तो आंखों को कपड़े से साफ न करें। इससे वेट टिश्यू से साफ करें। कपड़े से बार-बार आंखे पोंछने से आंखों मेंसूजन भी आ सकती है। तेज धूप में जाने से बचें। खासकर, दोपहर में 12-3 बजे के बीच, तेज धूप में न निकलने की कोशिश करें।



---

# एलिट ग्रुप में बीसीए और रायपुर की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को पहले राउंड के चौथे दिन का मैच हुआ। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध प्लेट कंबाइंड में परिणाम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने 138 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम पहली पारी में 170 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड पहली पारी में 92 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन दूसरी पारी में 190 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड दूसरी पारी में 129 रन पर आउट हुई। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर विरुद्ध दुर्ग में परिणाम रायपुर ने चार विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में 151 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में नौ विकेट पर 299 रन बनाकर पारी घोषित की। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम दूसरी पारी में 241 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 94 रन बनाए।

# वेस्ट जोन प्रथम और सेंट्रल जोन द्वितीय

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 महिला एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार को अंतिम लीग मैच के मुकाबले हुए। कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन परिणाम वेस्ट जोन ने तीन विकेट से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 5 विकेट पर 183 रन बनाए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 7 विकेट पर 184 रन बनाए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम साउथ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में परिणाम साउथ जोन ने 9 विकेट से जीता। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 9 विकेट पर 181 रन बनाए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने एक विकेट पर 183 रन बनाए। इस प्रकार लीग पद्धति के आधार पर खेले गए इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान पर वेस्ट जोन, दूसरे स्थान पर सेंट्रल जोन, तीसरे स्थान पर साउथ जोन, चौथे स्थान पर ईस्ट जोन और पांचवें स्थान पर नॉर्थ जोन रही।

---

# अब करेले की सब्जी से कड़वापन निकालना आसान, ये रहा तरीका



गर्मी के मौसम में ज्यादातर डॉक्टर करेला खाने की सलाह देते हैं। करेले में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद रहते हैं। कई बीमारियों में करेले का सेवन किया जाता है। करेला एक ऐसी सब्जी है, जिसे सही तरह से बनाना काफी जरूरी होता है। वैसे तो करेला खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है, लेकिन अगर इसे सही से न बनाया जाए तो इसका स्वाद काफी कड़वा हो जाता है। ड़े लोग तो फिर भी एक बार को ये सोचकर करेले खा लें, कि ये सेहत के लिए लाभदायक होते हैं, लेकिन बच्चों के खाने को लेकर काफी नखरे होते हैं। अगर आप भी इस बात से परेशान हैं, कि करेला बनाते वक्त ये कड़वे रह जाते हैं, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद करेले की सब्जी का कड़वापन दूर हो जाएगा।

## लगा कर रखें नमक

करेला बनाने से पहले तकरीबन 30 मिनट के लिए करेलों पर अच्छी तरह से नमक लगा दें। नमक में पाए जाने वाले मिनरल्स करेले के कड़वे जूस को हटाने में मदद करेंगे। आप चाहें तो इन्हें नमक के पानी में भिगो कर भी रख सकते हैं। बनाने से पहले इसे अच्छी तरह से धो जरूर लें।

## बीजों को हटाएं

करेले के बीजों में काफी कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में आप करेला काटते वक्त इसके बीजों को निकाल दें। बीज निकालने के बाद इसका कड़वापन काफी हद तक कम हो जाएगा।

## सही से छीलें

करेलों को बनाने से पहले उसे से छील जरूर लें। ऐसा करने से इसका कड़वापन कम हो जाएगा। करेले के छिलके में ही सबसे ज्यादा कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में इसका मोटा छिलका उतार लें। आप चाहें तो इसे धूप में सुखाकर भरवां करेला बनाते समय इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

---

कार्नर न्यूज

कमजोरी दूर कर अपना आत्मविश्वास बढ़ाने करें फोकस

# लो कॉन्फिडेंस की शिकार लोगों में घर कर जाती है निराशा, अपनाएं आत्मविश्वास बढ़ाने के आसान तरीके

कॉन्फिडेंस कम होने के कारण जीवन के हर पड़ाव पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि अपनी कमजोरी को दूर कर आप अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने पर फोकस करें। आत्मविश्वास जीवन में सफलता की कुंजी है। हालांकि कई बार परिस्थितियां व्यक्ति को आत्मविश्वास में कमी का शिकार बना देती हैं। धीरे-धीरे व्यक्ति पूरी तरह से अपना आत्मविश्वास खो देता है। कई बार व्यक्ति को खुद यह अंदाजा नहीं होता है कि उसमें असल में आत्मविश्वास की कमी है। कुछ संकेतों से यह समझा जा सकता है कि किसी में आत्मविश्वास की कमी तो नहीं। साथ ही कुछ बातों का ध्यान रखकर आत्मविश्वास को वापस भी पाया जा सकता है। तो चलिए इसी के साथ आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से जानते हैं आत्मविश्वास बढ़ाने के आसान तरीके।







## आत्मविश्वास में कमी के ये हैं लक्षण?

अगर आप निर्णय लेने में घबराते हैं, हमेशा दूसरों से नकारात्मक रूप में अपनी तुलना करते हैं, किसी से मदद लेने में संकोच करते हैं, अपने बारे में नकारात्मक बातें बोलते हैं और विफलता का डर आपको घेरे रहता है, तो आपमें आत्मविश्वास की कमी है। अगर खुद में ऐसी आदतें पनपती नजर आएं तो सतर्क हो जाएं और ऐसे कदम उठाएं जिनसे आपका आत्मविश्वास लौट आए। अपनी तारीफ को स्वीकार नहीं कर पाना, भविष्य को लेकर शंका में घिरे रहना और हमेशा लोगों को खुश करने की कोशिश में लगे रहना भी इसी का लक्षण है।

## खुद को जानें

आत्मविश्वास की ओर बढ़ने की पहली सीढ़ी है खुद को समझना। अपने बारे में आने वाले नकारात्मक विचारों को मन से हटाइए और सकारात्मक बातें सोचिए। अगर कोई बात पसंद न आए तो सामने वाले को न कहना सीखिए। दूसरों से अपनी तुलना बंद कीजिए और कुछ ऐसा कीजिए जो आपको पसंद हो। हमेशा दूसरों की पसंद खुद पर हावी मत होने दीजिए।

## अच्छी बातों का जश्न मनाइए

कभी-कभी हम अपने बारे में इतने नकारात्मक हो जाते हैं कि अच्छी बातों पर भी खुशी नहीं मना पाते हैं। ऐसा मत कीजिए। अगर कुछ अच्छा हो तो उसका जश्न मनाइए। अगर आपने कुछ अच्छा किया है और कोई आपकी तारीफ कर रहा है, तो उसे स्वीकारिए। अपने बारे में उन बातों की सूची बनाइए, जो आपको पसंद हैं। अगर आप लोगों के मुंह से बुराइयां सुनकर दिल से लगा लेते हैं, तो अच्छाइयों को भी स्वीकारना सीखिए।

## भरोसेमंद लोगों का नेटवर्क बनाइए

जीवन में कुछ ऐसे लोगों का साथ जरूरी है, जिनके साथ आपको अच्छा अनुभव होता हो। मन में कोई बात हो तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा कीजिए। अपना कोई दुख ऐसे व्यक्ति से ही साझा कीजिए, जिस पर भरोसा हो। उन लोगों से बात कीजिए, जिनसे बात करके सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है।


## खुद को चुनौती दीजिए

आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए जरूरी है कि खुद को चुनौतियां दीजिए और फिर उन चुनौतियों को पूरा करने के बाद खुद को पुरस्कृत कीजिए। जब हम कोई चुनौती पूरी करते हैं, तो हमारा मन अपनी क्षमता को स्वीकारने के लिए प्रेरित होता है। एक बात ध्यान रहे, शुरुआत में अपने समक्ष छोटे-छोटे लक्ष्य रखिए।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### फिल्म के सेट से एनी ने हटवाईं मॉडल्स मामले ने पकड़ा तूल तो एक्ट्रेस ने दी सफाई




हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज से पहले यह फिल्म एक कंट्रोवर्सी का शिकार हो गई है। इस मुद्दे पर फिल्म की एक्ट्रेस एनी हैथवे ने हाल ही में सफाई भी दी है।

बीते दिनों एक खबर काफी चर्चा में रही कि एक्ट्रेस एनी हैथवे ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के सेट से पतली मॉडल को हटाने के लिए प्रोडक्शन से बात की थी। इस वजह से एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी। हालिया एक इंटरव्यू में एनी हैथवे ने इस पूरे मामले पर खुलकर बात की है। जानिए, अपने पक्ष में उन्होंने क्या कहा है?

'गुड मॉर्निंग अमेरिका' शो में सेट पर हुई उस घटना के बारे में एनी हैथवे से पूछा गया। लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रहे उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया है

## टॉलीवुड

### रिलीज से पहले ही 'राका' की भारी डिमांड, बिहार में लगी रिकॉर्ड तोड़ बोली!



फिल्म 'राका' पहले से ही चर्चा में है। इस फिल्म का क्रेज केवल साउथ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में है। नई रिपोर्ट्स के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में इसके लिए भारी डिमांड देखने को मिल रही है। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म 'राका' रिलीज से कई महीने पहले ही जबरदस्त चर्चा में है। यह फिल्म उनके और डायरेक्टर एटली की पहली साथ में बनी फिल्म है, और अभी से ही अलग-अलग राज्यों में इसके लिए भारी डिमांड देखने को मिल रही है। खास बात यह है कि बिहार के डिस्ट्रीब्यूटर्स इस फिल्म को खरीदने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। खबरों के मुताबिक, कई लोग इस फिल्म के बिहार राइट्स लेने के लिए बड़ी रकम ऑफर कर रहे हैं। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड हो सकता है। हालांकि अभी अमाउंट का खुलासा नहीं हुआ है।

## बॉलीवुड

### 'कर्णा-द गार्जियन' के लिए भिलाई के मानस-शिखर ने दिया ओरिजिनल स्कोर





इस्पात नगरी भिलाई में पली-बढ़ी युवा संगीतकार जोड़ी मानस-शिखर ने जापान के सहयोग से निर्मित भारत की पहली एनीमे सीरीज़ 'कर्णा-द गार्जियन' का ओरिजिनल बैकग्राउंड स्कोर सहित पूरा संगीत पक्ष तैयार किया है। यह आगामी 8 मई को वैश्विक डिजिटल प्लेटफार्म 'क्रंचीरोल' पर रिलीज होगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्याधुनिक विधा 'एनीमे' पर प्रस्तुत होने वाली भारत की यह पहली सीरीज़ है। मानस-शिखर मानते हैं कि 'कर्णा-द गार्जियन' उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव भर नहीं है, बल्कि भिलाई से निकलकर भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुँचाने की दिशा में एक गौरवपूर्ण क्षण भी है।

गौरतलब है कि इस सीरीज के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की पूरी क्रिएटिव टीम जुड़ी हुई है। इसमें 'काऊब्वाय बीबॉप', 'मोबाइल सूट गुंडम' और 'क्रेयॉन शिन-चान' जैसे प्रतिष्ठित व लोकप्रिय टाइटिल पर काम कर चुके निर्देशक भी शामिल है। इस परियोजना से 'सोनी ये!' प्रोडक्शन पार्टनर के रूप में जुड़ा है। मानस-शिखर यहां भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर महाप्रबंधक और इस्पात नगरी भिलाई की पहचान रहे सांस्कृतिक समूह 'थ्री एम' के संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चतुर्वेदी और मधुबाला चतुर्वेदी के सुपुत्र हैं। गहन सांगीतिक संस्कारों में पले-बढ़े दोनों भाईयों ने इस कलात्मक नींव का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है, जिनके निरंतर प्रोत्साहन ने बचपन से ही उनके सफर को दिशा दी। उन्होंने अपने संगीत गुरुओं माणिक चक्रवर्ती, रविश कलगांवकर और अनिरुद्ध देशपांडे नागपुर के प्रति भी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है, जिनके मार्गदर्शन ने उनकी संगीत दृष्टि और साधना को आकार दिया।

उल्लेखनीय है कि फिल्म और टेलीविजन के साथ-साथ मानस-शिखर ने अपना स्वतंत्र म्यूजिक लेबल भी विकसित किया है, जिसके अंतर्गत वे लगातार नया संगीत जारी कर रहे हैं। उनका तैयार किया संगीत स्पॉटीफाई, एप्पल म्यूजिक इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब जैसे प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और श्रोताओं की इस पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है।

मुंबई में सक्रिय रहते हुए मानस-शिखर की जोड़ी फीचर फिल्म, ओटीटी, टेलीविज़न सीरियल और ऑडियो स्टोरी टेलिंग के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है और नेटफ्लिक्स, जियो हॉट स्टार, अमेजॉन ऑडिबल, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन, स्टार प्लस, कलर्स टीवी, सब टीवी और स्टार भारत जैसे प्रमुख प्लेटफार्म पर अपने संगीत का जादू जगा रहे हैं। उन्होंने प्रसिद्ध निर्देशक श्रीनारायण सिंह, दानिश असलम, सिद्धार्थ आनंद, जमा हबीब, सौरभ तिवारी, असीम अरोरा और निरेन भट्ट जैसे प्रमुख रचनाकारों के साथ भी काम किया है।

विगत दशक भर में मानस-शिखर के प्रमुख कार्यों में 'टॉयलेट एक प्रेमकथा', 'फील्स लाइक इश्क', 'फ्लेश', 'जिंदगी मेरे घर आना', 'इशारों-इशारों में', 'मेघा बरसेंगे', 'महादेव एंड संस', '10:29 की आखिरी दस्तक', गुजराती फिल्म 'हे केम छो लंदन', 'आदत से मजबूर', 'वो कौन थी' और 'बिहाइंड द कॉलेज' प्रमुख है।

## ऑस्ट्रेलियाई फ़ैशन



ऑस्ट्रेलियाई फ़ैशन के 200 सालों के इतिहास को समझने क्यूरेटर पाओला डि ट्रोकियो से बेहतर कोई और नहीं है। सिडनी की एक प्रदर्शनी में 90 से ज़्यादा डिज़ाइनरों और निर्माताओं के काम के ज़रिए ऑस्ट्रेलियाई फ़ैशन के 200 से ज़्यादा सालों का जश्न मनाया है। पाओला का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के फ़ैशन उद्योग पर उसकी भौगोलिक स्थिति, संसाधनों, प्रवासन और अंतरराष्ट्रीय रुझानों की प्रतिक्रिया का गहरा असर रहा है।

लाइफ स्टाइल

## त्वचा को डीप करने के लिए फेशियल की जगह ये चीजें आएंगी काम



गर्मी का मौसम चरम पर है। इस मौसम में अक्सर त्वचा में मौजूद पोर्स में ऑयल की मात्रा बढ़ जाती है, जिसके कारण त्वचा चिपचिपी नजर आने लगती है। आमतौर पर गर्मी ही नहीं, बल्कि त्वचा का निखार खो जाने के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए घर में मौजूद चीजें बेहद फायदेमंद होती हैं। तो आइये जानते हैं स्किन को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू नुस्खा। साथ ही, बताएंगे इस नुस्खे से त्वचा को मिलने वाले फायदों के बारे में-

### खीरे को चेहरे पर लगाने के फायदे क्या हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। खीरे में मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।

### चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू उपाय

चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए सबसे पहले वक खीरे को पीस लें। इसके बाद एक बाउल में आधा चम्मच कॉफी की डालें। आपस में दोनों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद चेहरे पर लगा लें। 5 मिनट तक हल्के हाथों के दबाव से नाक पर स्क्रब करें। पानी और कॉटन की मदद से नाक आर लगे स्क्रब को साफ कर लें। इस तरह आप हफ्ते में 2 से 3 बार तक कॉफी से बनी स्क्रब चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं। पहली ही बार में आपको अपनी चेहरे की त्वचा में निखार नजर आने लगेगा। किसी भी नुस्खे को आजमाने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। साथ ही एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें।

### मॉडर्न और फैंसी लुक देने में मदद करेंगे

## कुर्ती की नेक के लेटेस्ट डिजाइंस










गर्मी का मौसम अपने पूरे शबाब पर है। इस मौसम में ज्यादातर हम कम्फ़र्टेबल रहने के लिए कुर्ती को जीन्स से लेकर पजामी तक के साथ में पहनते हैं। इसके लिए आपको मार्केट में कई तरह की रेडीमेड कुर्तियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हम फिर भी अपने लिए परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए कुर्ती को सिलवाना ही पसंद करते हैं। बदलते फैशन के दौर में आजकल कुर्ती की नेकलाइन के लिए आपको कई डिजाइंस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं वे सभी आप पर खूबसूरत नजर आए। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुर्ती की नेकलाइन के लिए मॉडर्न और फैंसी लुक देने वाले कुछ खास डिजाइंस।

**सिंगल शोल्डर कुर्ती डिजाइन:** मॉडर्न और स्टाइलिश लुक पाने के लिए इस तरह से आप एक तरफ के कंधे वाले यानी सिंगल शोल्डर डिजाइन की नेकलाइन वाली कुर्ती सिलवा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती के साथ में आप कमर पर चौड़ी या पतले डिजाइन वाली बेल्ट को भी स्टाइल कर सकती हैं। लेंथ के लिए आप घुटने से नीचे तक लेकर जाए।

## इन देसी तरीकों को अपनाकर आप भी सनबर्न की समस्या

गर्मियों में घर से बाहर निकलते सनबर्न की समय हो सकती हैं। ऐसे में गर्मियों में बाहर निकलने से डर लगता है। अगर आप भी सनबर्न के कारण अपने जरूरी से जरूरी काम के लिए भी घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इस गर्मी किन देसी तरीकों को अपनाकर आसानी से सनबर्न की समस्या से राहत पा सकती हैं।



### एलोवेरा जेल जरूर लगाएं

सनबर्न से तुरंत राहत पाना है तो आपको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे पहले आपको ठंडे पानी से अपने चेहरे को धोना है। इसके बाद आप टिशू की मदद से अपने चेहरे को पोछें। फिर एलोवेरा जेल को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। आधे घंटे के बाद आप अपने चेहरे को धो सकती हैं। ध्यान रखें कि आपको फ्रेश एलोवेरा का ही अपने चेहरे पर इस्तेमाल करना चाहिए।

### बर्फ लगाएं

सनबर्न अगर ज्यादा हो गया है तो आपको एलोवेरा के बाद अपने चेहरे पर बर्फ से सिकाई करना चाहिए। आईस क्यूब को साफ सूती कपड़ों के बीच में रखें। फिर इसे अपने चेहरे पर रगड़ें। ऐसे में आपका चेहरा चमकने लगेगा। अगर आपको ठंड ज्यादा लगती हैं तो आप आईस क्यूब को एक बड़ी कटोरी में डालें अब इसमें साफ पानी मिला लें। फिर इस पानी में आपको फेस को डुबोकर रखना है। ऐसे आपको 4 से 5 बार करना है। ऐसे में आपको सनबर्न की समस्या से राहत मिल जाएगा।

### खीरे का रस जरूर लगाएं

सनबर्न से परेशान लोगों को अपने चेहरे पर खीरे का रस जरूर लगाना चाहिए। खीरे को धोने के बाद उसे छील लेना चाहिए। इसके बाद आप अपने चेहरे पर खीरे का रस लगा सकती हैं।

## दो मिनट में मेकअप कर हो जाएं तैयार, जानें तरीका

पार्टी या फंक्शन में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यहां पर जानें से पहले अपने लुक को सोचकर रखते हैं। ऐसा इसलिए ताकि हम तैयार होने में समय कम लगे। साथ ही जब हम तैयार हो जाएं तो सबसे अलग नजर आए। कई सारे लोग रेडी होने के लिए पार्लर जाना भी पसंद करते हैं, ताकि मेकअप और हेयर स्टाइल क्रिएट करा सके। लेकिन हम आपको मेकअप आर्टिस्ट मीनाषी दत्ता ने जिन टिप्स को अपने वीडियो में बताया है उसके बारे में बताएंगे। इसमें उन्होंने 2 मिनट में मेकअप करने के तरीके को शेयर किया है। चलिए आपको भी बताते हैं कैसे आप 2 मिनट में मेकअप कर सकती हैं।

### मेकअप बेस के लिए लगाए बीबी और सीसी क्रीम

अगर आपको बजट कम है तो ऐसे में आप बेस के लिए कंसीलर और फाउंडेशन की जगह बीबी और सीसी क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदें और चेहरे पर प्राइमर लगाने के बाद इसे अप्लाई करें। आप चाहें तो ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से अच्छे पूरे फेस पर ब्लेंड कर सकती हैं। इसके बाद पाउडर से इसे सेट करें।




### लिप टिंट का करें इस्तेमाल

कई लोग ब्लश लगाने के लिए पिंक कलर का ब्लश पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। आजकल यह कॉन्टोर के साथ भी आता है। लेकिन अगर आपके पास यह नहीं है तो इसकी जगह पर लिप टिंट का इस्तेमाल मेकअप के लिए कर सकती हैं। इसके आप गालों पर लगाएं और अच्छे से ब्लेंड करें। आप इसे लिप्स पर भी अप्लाई कर सकती हैं। इससे लिप्स हाइड्रेट रहेंगे। साथ ही आपको अलग से लिपस्टिक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कार्नर न्यूज

### स्विमिंग पूल में जाने से पहले अपनाएं टिप्स तो समस्या होगी कम

## भीषण गर्मी से बचने स्विमिंग पूल में घंटों रहना आपकी सेहत पर डालता है बुरा असर, टैनिंग और हेयरफॉल से ऐसे बचें



स्विमिंग करने के दौरान स्किन और हेयर की केयर करना जरुरी हैं ताकि टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या से बचा जा सकें। समर सीजन में अक्सर महिलाएं स्विमिंग करना या सीखना पसंद करती हैं लेकिन स्विमिंग के दौरान स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरुरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्विमिंग पूल में क्लोरीन केमिकल डाला जाता हैं और इस क्लोरीन केमिकल की वजह से कई बार हेयर फॉल की समस्या शुरू हो जाती तो वहीं स्विमिंग के दौरान त्वचा काली भी हो जाती हैं। इसी वजह से स्विमिंग करने के दौरन स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरूरी है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स देने जा रहे हैं जो स्विमिंग के दौरान आप फॉलो कर सकती हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या कम हो सकती हैं।



### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्विमिंग के दौरान टैनिंग की समस्या पैदा हो सकती है। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप स्विमिंग करने से पहले सनस्क्रीन लगाएं। सनस्क्रीन लगाने से टैनिंग की समस्या नहीं होगी। सनस्क्रीन लगाने से जहां टैनिंग की समस्या नहीं होगी तो वहीं सनस्क्रीन लगाने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होने के चांस हैं। वहीं सनस्क्रीन का इस्तेमाल आप स्विमिंग करने से 15 मिनट पहले करें।

### त्वचा को करें मॉइस्चराइजर

वहीं त्वचा की केयर करने के लिए आपमॉइस्चराइजर का इस्तेमालकर सकती हैं ताकि पूल के क्लोरीन पानी से त्वचा को नुकसान हो सकती है। मॉइस्चराइजर लगाने से स्किन के ड्राई होने की समस्या नहीं होगी। वहीं स्विमिंग करने के बाद भी स्किन को मॉइस्चराइजर करें। लेकिन इस दौरान ध्यान रखने कि जो आपकी स्किन को टन के हिसाब से ही मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। वहीं ग्लिसरीन, तेल या पेट्रोलियम युक्त मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल किया जा सकता हैं।

### इस तरह करें बालों की देखभाल

पूल में जाने से पहले बालों को अच्छी तरह बांध लें। वहीं बालों को अच्छी तरह से ऑयललगा लें ताकि बालों को कोई नुकसान न हो। वहीं बालों को नुकसान से बचाने के लिए पूल से आने के बाद बालों को अच्छी तरह से धोएं। इसके लिए आप कंडीशनर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### इन बातों को भी रखें ख्याल

स्विमिंग करने से बाद अपने सूट को करें क्लीन, पूल में जाने से पहले सर पर पहन सकती हैं कैप, स्विमिंग करने से बाद और पहले नहाएं और स्विमिंग करने से बाद स्किन को मॉइस्चराइजर करें।